
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



रामायण के इवेंट से ट्रेलर लीक



रामायण का हिस्सा बनकर खुशी से झूमी

वर्ष : 12 | अंक : 207 | लखनऊ, 21 जुलाई, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### जीरो पॉवर्टी अभियान के पात्रों का बने अंत्योदय कार्ड

लखनऊ। सीएम योगी ने सोमवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में प्रदेश में संचालित



आधारभूत संरचना, औद्योगिक विकास से जुड़ी परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने जीरो पॉवर्टी अभियान को प्राथमिकता देते हुए कहा कि ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की विशेष टीम गठित कर पात्र परिवारों का अंत्योदय कार्ड बनवाया जाए व पीएम-सीएम आवास योजना से जोड़ा जाए।

### 45 के हुए निशांत, पिता नीतीश को खिलाया केक

पटना। बिहार के पूर्व सीएम नीतीश कुमार के पुत्र और सम्राट चौधरी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री



निशांत कुमार 45 साल के हो गए हैं। परिवार के साथ केक काटकर उन्होंने जन्मदिन मनाया। पिता नीतीश कुमार को केक खिलाने लगे तो माहौल काफी खुशनुमा हो गया। उन्होंने जन्मदिन के मौके पर मंदिर जाकर पूजा की और अपने आवासीय परिसर में पौधा भी लगाया।

### अलीगंज अग्निकांड बिल्डिंग पर चला हथौड़ा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अलीगंज के सेक्टर-डी स्थित उस बहुचर्चित बिल्डिंग को तोड़ने का काम सोमवार से शुरू हो गया, जहां



22 जून को हुए भीषण अग्निकांड में 15 मासूम बच्चों की जलकर मौत हो गई थी। भूखंड संख्या-102 पर बनी इमारत के मालिक वीरेंद्र शुक्ला और सुरेंद्र शुक्ला ने स्वयं भवन ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कराई है।

### एक परिवार के सभी ने पीया जहर, 3 की मौत

करौली। जिले के सपोटरा उपखंड के बालौती गांव की बैरवा बस्ती में सोमवार को दिल दहला देने वाली



घटना सामने आई। यहां एक ही परिवार के 4 सदस्यों ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इस घटना में रामदयाल बैरवा, उनकी पत्नी राजबाई और पुत्र लक्ष्मीनारायणकी मौत हो गई, जबकि विजयराजका जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है। परिवार लंबे समय से बीमारी और उससे जुड़ी परेशानियों से जूझ रहा था।

### जवाहर भवन के चौथे तल पर लगी आग

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह करीब 9:40 बजे जवाहर भवन के चौथे तल पर



आग लग गई। आग की लपटें और धुआं देख लोगों में अफरातफरी मच गई। कर्मचारियों की सूचना पर फायर ब्रिगेड10 बजे के करीब पहुंची और आग पर काबू पाने में जुटी। इंदिरा भवन जवाहर भवन कर्मचारी संघ के पंकज मेहरोत्रा ने बताया जहां आग व हां कैंटीन, मलेरिया विभाग हैं।

### योगी सरकार की मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी

## 16 जिलों में तीन महीनों में सभी प्रसव स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य कर्मियों के समन्वित

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,

योगी सरकार ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश के 16 जिलों में पिछले तीन महीनों के दौरान सभी प्रसव स्वास्थ्य संस्थानों में हुए हैं। गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़ ने लहराया परचम एचएमआईएस से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, वाराणसी, अमेठी, अयोध्या, सुलतानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, गाजीपुर, शामली,



गाजियाबाद, हाथरस, इटावा, महोबा व कौशांबी में अप्रैल से जून के बीच एक भी प्रसव गैरसंस्थागत नहीं हुआ है। संयुक्त निदेशक डॉ. शालू गुप्ता ने बताया कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए गए हैं। नियमित प्रसव पूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान, घर-घर संपर्क, एम्बुलेंस सेवाओं की उपलब्धता तथा जननी सुरक्षा एवं मातृत्व लाभ से जुड़ी योजनाओं ने महिलाओं को स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव के लिए प्रेरित किया है। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रावती का मानना है कि संस्थागत प्रसव मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय है। जटिल परिस्थितियों में भी मां और शिशु की जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

### चार राज्यों के अफसरों के साथ मीटिंग

## दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड हाईवे और गंगा एक्सप्रेसवे पर कांवड़ यात्रियों का प्रवेश रहेगा बंद

समीक्षा मुख्य सचिव एसपी गोयल और डीजीपी राजीव कृष्ण ने चार राज्यों के अफसरों संग मीटिंग की। दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड हाइवे और गंगा एक्सप्रेसवे पर कांवड़ यात्रियों के प्रवेश बंद करने के निर्देश दिए...

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,

30 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर यूपी सरकार ने इस बार आस्था और जन सुविधा के बीच संतुलन बनाने की रणनीति तैयार की है। इसके लिए मुख्य सचिव एसपी गोयल और यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण सोमवार को मेरठ पहुंचे। दोनों ने चार राज्यों के अफसरों के साथ कांवड़ यात्रा को लेकर मीटिंग की। मीटिंग में मुख्य सचिव ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। साथ ही आम नागरिकों को राहत देने के लिए



दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड हाईवे और गंगा एक्सप्रेसवे पर सामान्य वाहनों का आवागमन निर्बाध जारी रखने का निर्देश दिया।

### कांवड़ यात्रियों के लिए की जाएगी समुचित व्यवस्था

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पिछले वर्षों के अनुभवों और मुजफ्फरनगर में हुई घटनाओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय और राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आपत्तिजनक वस्तुओं पर पूर्व की भांति प्रतिबंध प्रभावी रहेगा। समीक्षा बैठक में तय किया गया कि कांवड़ यात्रियों के लिए सुरक्षा, साफ-सफाई और आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जा रही है, जबकि प्रमुख एक्सप्रेस वे को सामान्य यातायात के लिए खुल रखकर यात्रा के दौरान लोगों को अनावश्यक परेशानी से बचाने का प्रयास किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को किया आगाह, 'धर्मनिरपेक्षता' पर दिया बयान

# सपा-कांग्रेस से सावधान और सतर्क रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे, इनसे सटेंगे तो खतरा बढ़ेगा

सीएम ने बुजुर्गों से अपील की कि युवाओं को सपा की गुंडागर्दी, उपद्रव, सरकारी धन की डकैती व लूट के बारे में बताइए। मुख्यमंत्री ने लोधेश्वर महादेव के सामने से जाने वाली सड़क को टूलेन से फोरलेन बनाने और गेट को भव्य बनाने के लिए प्रस्ताव

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख /लखनऊ,

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाराबंकी की धरा से प्रदेशवासियों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व समाजवादी पार्टी विरासत, विकास, गांव-गरीब, किसानों, नौजवानों और महिलाओं की जन्मजात विरोधी हैं। इनसे सावधान और सतर्क रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे अन्यथा जैसे ही इनसे सटेंगे तो खतरा बढ़ेगा। सीएम ने बुजुर्गों से अपील की कि युवाओं को सपा की गुंडागर्दी, उपद्रव, सरकारी धन की डकैती व लूट के बारे में बताइए। मुख्यमंत्री ने लोधेश्वर महादेव के सामने से जाने वाली सड़क को टूलेन से फोरलेन बनाने और गेट को भव्य बनाने के लिए प्रस्ताव मांगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाराबंकी में रामनगर व दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 542 करोड़ से अधिक की 82 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

### कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल तक तो विकास की लौ पहुंची लेकिन लोधेश्वर महादेव मंदिर पर ध्यान नहीं दिया



### हमारी सरकार यह कतई स्वीकार नहीं करेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉकी में 36 वर्ष बाद भारतीय टीम ने ओलंपिक में पदक जीता लेकिन उससे पहले मेजर ध्यानचंद व केडी सिंह बाबू के समय भारत ने लगातार तीन बार स्वर्ण पदक जीता था। जिस खिलाड़ी ने हॉकी को पूरा जीवन दिया, उन केडी सिंह बाबू की हवेली बिक जाए, हमारी सरकार यह कतई स्वीकार नहीं करेगी। हमने तय किया कि वहां संग्रहालय का निर्माण होगा। सीएम ने अमेरिका के न्यू जर्सी में हुए फीफा विश्वकप का भी जिक्र करते हुए कहा कि स्पेन व अर्जेंटीना के मैच को देखकर लोगों में गजब का उत्साह था।

सीएम ने कहा कि बाराबंकी को लोधेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त है। सोमवार को बाबा का दर्शन कर अंतःकरण से आनंद की अनुभूति हुई। यहां अगल-बगल के कई जनपदों से श्रद्धालु आते हैं, फिर भी मंदिर जीर्ण-शीर्ण ही रहा। आजादी के बाद भी आपके पैसे से विकास की लौ कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल तक तो पहुंची, लेकिन लोधेश्वर महादेव मंदिर, केडी सिंह बाबू की हवेली, पारिजात के महाभारत कालीन वृक्ष के संरक्षण, महादेवा, अयोध्या, काशी विश्वनाथ, गोला गोकर्णनाथ, महापुरुषों, वीरांगनाओं आदि के नाम पर योजनाओं के लिए पैसा नहीं मिला। हमारी सरकार भगवान लोधेश्वर महादेव का कॉरिडोर बना रही है, जिससे देश-प्रदेश के हर कोने से यहां आने वाला श्रद्धालु अभिभूत होगा और बाराबंकीवालों को आशीर्वाद व धन्यवाद देकर जाएगा।

### बिहार जमीन सुधार बिल में किए कई प्रावधान

## खेत पर उद्योग लगाना आसान जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरेंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

विधानसभा में सोमवार को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से पेश दो विधेयकों में से एक में तो रैयतों को राहत देने का प्रयास किया गया है, लेकिन दूसरे में बोझ बढ़ा दिया गया है। विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवान ने दोनों विधेयकों को पेश किया। दोनों सदनों से पारित होने के बाद इसमें किए गए प्रविधान राज्य में कानून बन कर लागू हो जाएंगे। बिहार कृषि भूमि विधेयक 2026 में किए गए प्रविधानों से रैयतों को लाभ होगा। पहले कृषि भूमि के व्यवसायिक या औद्योगिक उपयोग करने के एवज में रैयतों को शुल्क देना पड़ता था। इसके अलावा, सरकारी कार्यालयों का भी चक्कर लगाना पड़ता था। यहां तक कि अगर सरकार भी जमीन अधिग्रहण के बाद अगर उसका गैर-कृषि कार्य के लिए उपयोग करती थी तो जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था।

### एकनाथ शिंदे की शिवसेना महिला गठबंधन की उप-जिला प्रमुख गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

नवी मुंबई : नवी मुंबई के राजनीतिक गलियारों में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। शिवसेना के शिंदे गुट की महिला अघाड़ी की उप-जिला प्रमुख पूजा बंसोडे को तूर्भे एमआईडीसी पुलिस ने एक स्क्रैप व्यापारी से 2 लाख रुपये की फिरौती मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गंभीर आरोप है कि फिरौती देने से इनकार करने पर पूजा बंसोडे और उनके साथियों ने व्यापारी और उसकी दुकान में काम करने वाले एक कर्मचारी की बेरहमी से पिटाई की और उन्हें गालियां दीं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकताओं की नवी मुंबई के इंदिरा नगर इलाके में एक कबाड़ की दुकान है। शिंदे समूह की उप-जिला आयोजक पूजा बंसोडे ने धमकी दी है कि अगर इस इलाके में दुकान चलाई गई तो 2 लाख रुपये की फिरौती देनी होगी। शिकायतकर्ता ने यह फिरौती देने से इनकार कर दिया है।

### जम्मू-कश्मीर में बारिश ने मचाई भारी तबाही, चहुंओर नुकसान और किसान परेशान

### कारगिल में फ्लैश फ्लड ने बरपाया कहर

# गांदरबल में बादल फटने से कई घर, कृषि भूमि और बाग-बगीचे क्षतिग्रस्त, एक ही परिवार के 7 की मौत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश ने कई इलाकों में भारी तबाही मचाई है। सोमवार को गांदरबल जिले के सफापोरा स्थित शेख मोहल्ला में बादल फटने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कारगिल में आए फ्लैश फ्लड ने बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि कृषि भूमि और बाग-बगीचों को भी भारी नुकसान हुआ है। सफापोरा के शेख मोहल्ला में अचानक बादल फटने के बाद तेज बहाव के साथ पानी और मलबा रिहाइशी इलाके में घुस गया। इससे स्थानीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचा और लोगों का सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया। घटना के बाद प्रशासन ने हालात का जायजा लेना शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रभावित परिवारों को जल्द राहत उपलब्ध कराने और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को शीघ्र बहाल करने की मांग की है।

### पुंछ में भूस्खलन की चपेट में आया मकान

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 7 लोगों की मौत हो गई। रविवार को भी यहां भूस्खलन हुआ था। भाजपा के अध्यक्ष रवींद्र रैना ने घटना पर दुख जताते हुए लिखा कि पुंछ में एक घर गिर गया, जिसमें एक परिवार फंस गया। इस घटना में 6-7 लोगों की मौत होने की आशंका है।

### कारगिल में कई पेड़ बह गए, मकान धराशायी



कारगिल में फ्लैश फ्लड ने कई इलाकों में तबाही मचाई है। बाढ़ के तेज बहाव से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए जबकि बड़ी मात्रा में कृषि भूमि, खेत और बाग-बगीचे प्रभावित हुए हैं। तेज पानी के बहाव में बड़ी संख्या में पेड़ भी उखड़कर बह गए, जिससे पर्यावरण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचा है।कई परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।नुकसान से किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। प्रशासन और राहत एजेंसियां प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर नुकसान का आकलन कर रही हैं।

### हिमाचल में 3 जगह बादल फटे पांगी और लाहुल में 3 पुल बहे, लोगों ने भागकर बचाई जान

चंबा/मनाली। हिमाचल प्रदेश में मौसम कड़े तेवर दिखा रहा है। जिला चंबा के जनजातीय उपमंडल पांगी में सोमवार को 3 जगह बादल फटे। हिलु, उदीन और थांदल क्षेत्रों में बादल फटने के बाद संबंधित नालों में अचानक फ्लैश फ्लड आ गया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही मची है। उदीन नाले और हिलु नाले पर बने छोटे पुल भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। स्थानीय लोगों की आवाजाही प्रभावित हो गई है। सड़कों को भी भारी नुकसान हुआ है। लोगों ने भागकर जान बचाई। जिला लाहुल-स्पीति के जाहलमा नाले में आई बाढ़ से अस्थायी पुल बह गया है। इस कारण तांदी



संसारी मार्ग बंद हो गया है। उदयपुर उपमंडल सहित पांगी का लाहुल घाटी से संपर्क कट गया है।

### फ्लड से फसलों को नुकसान

पांगी में फ्लैश फ्लड की चपेट में आने से हिलु, उदीन और थांदल गांवों में किसानों की नगदी एवं मौसमी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज बहाव के कारण खेतों में खड़ी फसलें और कृषि भूमि प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति होने का अनुमान है।



### असम में बाढ़ से 1.7 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित, सेना ने ऑपरेशन जल राहत चलाया

गुवाहाटी। भारी बारिश के कारण गुवाहाटी के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे कई निचले इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो गए। मेघालय की पहाड़ियों से आने वाले पानी और वशिष्ठ नदी का जलस्तर बढ़ने से यह गंभीर स्थिति पैदा हुई है। रविवार को असम में बाढ़ की स्थिति और भी बिगड़ गई। पूर्वी और ऊपरी असम में बाढ़ का पानी सैकड़ों गांवों में घुस गया है। रेल संपर्क टूट गया है और हालात को काबू में करने के लिए सेना को बचाव कार्यों में तेजी लाते हुए ऑपरेशन जल राहत शुरू करना पड़ा है। 12 जिलों और 30 राजस्व मंडलों के 580 गांव बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे 1.7 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। 10,362 हेक्टेयर की खड़ी पानी में डूब गई है।

## कार में टक्कर मार युवक पर जानलेवा हमला, फायरिंग का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



क्षतिग्रस्त कार फोटो

लखनऊ। एक युवक पर सुनियोजित तरीके से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अज्ञात हमलावरों ने पहले कार में कई बार ठोकर मारी, फिर लाठी-डंडों से हमला किया और फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ता निवासी अजय सिंह (30) ने तहरीर के माध्यम से बताया कि 16 जुलाई की शाम वह अपनी मां तारा सिंह के साथ ब्रेजा कार से तिलसुवा गांव गए थे। मां को मित्र के घर छोड़ने के बाद वह पास के एक फार्म हाउस में आयोजित पार्टी में शामिल होने चला गया। देर रात लौटते समय दुधारा मंदिर के पास सड़क पर बने ब्रेकर के निकट सामने से आए एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि वाहन चालक ने कार को पीछे कर दोबारा और फिर तीसरी बार भी टक्कर मारने की कोशिश की। पीड़ित के मुताबिक, इसी दौरान सिर पर गमछा बांधे एक व्यक्ति ने बांस के मोटे डंडे से कार के शीशों पर हमला कर दिया, जबकि चार-पांच अन्य लोग कार को चारों ओर से घेरकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगे। अजय सिंह का आरोप है कि घटना के दौरान गोली चलने की आवाज भी सुनाई दी, जिससे वह घबरा गया। मौका मिलते ही वह किसी तरह कार लेकर तिलसुवा की ओर भाग निकला और इंद्रवारा गांव पहुंचकर परिचितों से मदद मांगी। बाद में परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी गई। हमले में कार का अगला हिस्सा और शीशे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पीड़ित का दावा है कि कार के बाईं ओर गोली लगने जैसा निशान भी मिला है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने अज्ञात हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आधा दर्जन अज्ञात लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

## मलिहाबाद तहसील में नवनियुक्त एसडीएम व तहसीलदार का हुआ स्वागत

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद तहसील में सोमवार को नवनियुक्त उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मनोज कुमार सिंह एवं तहसीलदार कुमकुम मिश्रा के पदभार ग्रहण करने पर मलिहाबाद बार एसोसिएशन की ओर से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सम्राट सिंह एवं पूर्व महामंत्री राम सिंह यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने दोनों अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की बधाई दीं। समारोह के दौरान बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और नवनियुक्त अधिकारियों के बीच तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली, अधिवक्ताओं के साथ बेहतर समन्वय तथा आम जनता से जुड़े राजस्व एवं प्रशासनिक मामलों के त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी निस्तारण को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। अधिवक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि नए अधिकारियों के नेतृत्व में तहसील प्रशासन अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और प्रभावी ढंग से कार्य करेगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर नवनियुक्त एसडीएम मनोज कुमार सिंह और तहसीलदार कुमकुम मिश्रा ने बार एसोसिएशन द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जाएगा। साथ ही अधिवक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## बीस घंटे से गुल रही बिजली, पानी को तरसे लोग; दर्जनों गांवों में हाहाकार

### बारिश के बाद चांदपुर फीडर ठप, फिर 33 केवी लाइन में फॉल्ट ने बढ़ाई मुश्किलें

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद नगर पंचायत विद्युत उपकेंद्र से जुड़े चांदपुर फीडर की बिजली रविवार रात करीब 12 बजे ठप हो गई, जो सोमवार देर शाम बहाल हो सकी। करीब 20 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से अहमदाबाद, कटौली, भतोइया, भुलभुला खेड़ा, भिम्माखेड़ा, ईसापुर, चांदपुर, रसूलाबाद, रसूलपुर, सुरगौला, गौंदा, नई बस्ती, सलामत खेड़ा, नत्था खेड़ा, औलिया खेड़ा और गुलाल खेड़ा, धनाखेड़ा, कहला समेत दर्जनों गांवों के लाखों उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लंबे बिजली संकट से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी और आक्रोश साफ दिखाई दिया।

स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे मलिहाबाद की 33 केवी मुख्य लाइन में भी तकनीकी फॉल्ट आ गया। इससे पहले से बाधित चांदपुर फीडर की आपूर्ति बहाल करने का कार्य और प्रभावित हो गया। विभाग की टीमें पूरे दिन अलग-अलग स्थानों पर फॉल्ट तलाशने और मरम्मत में जुटी रहीं, लेकिन देर शाम में आपूर्ति पूरी तरह सामान्य हो सकी।


बिजली कटौती का सबसे अधिक असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ा। बिजली से संचालित पानी की मोटरें बंद रहने से लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। कई घरों में इनवर्टर जवाब दे गए, मोबाइल फोन डिस्चार्ज हो गए और गर्मी के बीच बच्चों, बुजुर्गों तथा मरीजों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। दिनभर लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे, लेकिन शाम तक भी राहत नहीं मिल सकी। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात शुरू होते ही क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। मामूली बारिश या तेज हवा के बाद घंटों तक आपूर्ति बाधित रहना अब आम बात बन गई है। लोगों ने विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने और बरसात से पहले लाइनों के रखरखाव की मांग की है। इस संबंध में मलिहाबाद अवर अभियंता राजकुमार ने बताया कि बारिश के कारण तकनीकी खराबी आने से आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# प्रदेश में 1.95 लाख से अधिक पुराने वाहन चलन से बाहर

## वाहन मालिकों को 15 प्रतिशत तक रोड टैक्स पर छूट के साथ कई फायदे

- प्रदेश में अब तक 50 रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी सेंटर शुरू हुए

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की व्हीकल स्क्रैप पॉलिसी सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में प्रभावी साबित हो रही है। पॉलिसी लागू होने के बाद 30 जून 2026 तक प्रदेश में 1.85 लाख से अधिक निजी और 10 हजार से अधिक सरकारी वाहनों को अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्रों के माध्यम से स्क्रैप किया जा चुका है। प्रदेश में अब तक कुल 1.95 लाख से अधिक पुराने व अनुपयोगी वाहनों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने वाहन स्क्रैपिंग की पूरी प्रक्रिया को तकनीक आधारित, पारदर्शी और आसान बनाया है। प्रदेश में वर्तमान समय में 101 रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी (आरवीएसएफ) का पंजीकरण किया जा चुका है, जिनमें से 50 केंद्र पूरी तरह संचालित हैं। इन केंद्रों के माध्यम से पुराने और अनुपयोगी वाहनों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है। पूरी प्रक्रिया केंद्र सरकार के वी-स्क्रैप पोर्टल व वाहन प्रणाली के जरिए ऑनलाइन संचालित होती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होने के साथ वाहन स्वामियों को भी भागदौड़ से राहत मिल रही है।

परिवहन विभाग के मुताबिक प्रदेश सरकार व विभाग का उद्देश्य केवल पुराने वाहनों को हटाना नहीं, बल्कि सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करना है। इस पॉलिसी से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन घटेगा, ईंधन दक्षता बढ़ेगी। साथ ही स्क्रैप धातु एवं अन्य सामग्रियों का वैज्ञानिक पुनर्चक्रण संभव होगा। इसके साथ ही निवेश को बढ़ावा मिलने और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की भी उम्मीद है। पॉलिसी के तहत ऐसे पुराने और प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है, जो निर्धारित तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते।

वाहनों की फिटनेस जांच आधुनिक ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) में अत्याधुनिक कम्प्यूटरीकृत मशीनों से मानवीय हस्तक्षेप के बिना की जाती है। यदि कोई वाहन निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता, तो उसे पहले अनफिट घोषित किया जाता है और पुनः परीक्षण में भी असफल रहने पर उसे एंड ऑफ लाइफ व्हीकल (ईएलवी) घोषित कर स्क्रैपिंग की प्रक्रिया में शामिल किया जाता है। प्रदेश सरकार स्क्रैपिंग नेटवर्क का तेजी से विस्तार भी कर रही है। जिन जिलों में अभी तक स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित नहीं हुए हैं, वहां निजी निवेश के माध्यम से नए केंद्र खोलने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्तमान में 30 नए स्क्रैपिंग केंद्रों के प्रस्ताव व आवेदन प्रक्रियाधीन हैं, जिससे आने वाले समय में यह सुविधा प्रदेश के ज्यादातर जिलों तक पहुंच जाएगी।

पॉलिसी में वाहन स्वामियों के हितों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र पर वाहन जमा करने के बाद उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट जारी किया जाता है। इस प्रमाणपत्र के आधार पर नया वाहन खरीदने पर व्यावसायिक वाहनों के लिए रोड टैक्स में 10 प्रतिशत तक व निजी वाहनों के लिए 15 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान है। इसके अलावा वाहन मालिक को स्क्रैप किए गए वाहन का मूल्य भी प्राप्त होता है। यदि वाहन स्वामी तुरंत नया वाहन नहीं खरीदता, तो वह अपने डिपॉजिट प्रमाणपत्र को निर्धारित व्यवस्था के तहत किसी अन्य जरूरतमंद को बेच सकता है। इस नीति से सिर्फ पर्यावरण संरक्षण व सड़क सुरक्षा को ही मजबूती नहीं मिलेगी, बल्कि ऑटोमोबाइल, स्टील, एल्युमिनियम, तांबा, प्लास्टिक और रबर रीसाइक्लिंग उद्योगों को भी बेहतर कच्चा माल उपलब्ध हो पा रहा है। इससे विनिर्माण लागत कम हो रही है। वाहन स्क्रैपिंग, लॉजिस्टिक्स, मशीन संचालन, गुणवत्ता परीक्षण व पर्यावरण प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

## 122वें मंडी सचिव प्रशिक्षण का शुभारंभ

- कृषि विपणन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा 45 दिवसीय 122वें मंडी सचिव प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु पांडे, मुख्य अभियंता, सीपीडब्ल्यूडी ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मंडियों के कुशल संचालन, पारदर्शिता और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से करने का आह्वान किया।

निदेशालय की ओर से उप-कृषि विपणन सलाहकार श्री भवेश कुमार जोशी ने मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण मंडी प्रबंधन, कृषि विपणन सुधार, गुणवत्ता नियंत्रण और किसानों के लिए बेहतर विपणन सुविधाएं विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी जितेन्द्र सिंह, एम. जे. अहमद और अनुपम कुमार ने भी प्रतिभागियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान से आए मंडी सचिव हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कृषि विपणन से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। इसके अलावा प्रतिभागियों के लिए 14 दिवसीय अखिल भारतीय अध्ययन भ्रमण भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन्हें देश के विभिन्न राज्यों की उन्नत कृषि विपणन व्यवस्थाओं को समझने का अवसर मिलेगा। अधिकारियों ने प्रशिक्षण मंडी सचिवों को अपने-अपने राज्यों में कृषि विपणन प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने में सक्षम बनाएगा।

## जदयू प्रदेश कार्यालय में मना निशांत कुमार का जन्मदिवस



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** जनता दल (यूनाइटेड) उत्तर प्रदेश ने सोमवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार का जन्मदिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर, मिठाइयां वितरित कर तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर जनता दल (यूनाइटेड) उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार नीतीश कुमार ने विकास, सुशासन एवं सामाजिक न्याय की राजनीति के माध्यम से देशभर में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उसी प्रकार प्रदेश का प्रत्येक जदयू कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय एवं विकास की भावना को पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करे। कार्यक्रम में जदयू उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता डॉ. जितेंद्र सिंह ने निशांत कुमार के चित्र के समक्ष केक काटकर जन्मदिवस समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव हरि शंकर, सुभाष पाठक, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी जय वीर सिंह, कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, प्रदेश प्रवक्ता दिवाकर सिंह, अनिल चौधरी, भगवान सिंह गुर्जर, सुनील पटेल, अवधेश सिंह, फूल चंद आर्य, चंदन, पप्पू पांडे, अशोक वर्मा, एचएन सिंह, मनीष श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश कार्यालय के अतिरिक्त विभिन्न जनपदों में भी जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में निशांत कुमार का जन्मदिवस मनाया।

## छात्रों पर लाठी, आंसू गैस चलाना लोकतंत्र पर हमला: लोकदल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने संसद के बाहर प्रतियोगी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और आंसू गैस के प्रयोग की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। सरकार को छात्रों की बात सुननी चाहिए थी, न कि उन पर लाठियां बरसानी चाहिए थीं।

उन्होंने कहा कि सरकार पूरे देश को बैठाकर अपनी मन की बात सुनाती है, लेकिन यदि वह इन छात्रों की भी मन की बात सुन लेती, तो लाठीचार्ज और आंसू गैस की नौबत ही नहीं आती। चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि शाहीन बाग से लेकर किसानों के आंदोलन और अब छात्रों तक, हर विरोध की आवाज का जवाब बल प्रयोग से देना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। आखिर ये छात्र भी इसी देश के बेटे-बेटियां हैं, बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान या अन्य देश के नागरिक नहीं।

## मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना से प्रतापगढ़ के शिवम को मिली नयी पहचान

- डेयरी से सालाना 20 लाख रुपये की कमाई, ग्रामीण उद्यमिता की बने मिसाल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रही है। प्रतापगढ़ जिले के सांड़वा चंडिका गांव निवासी शिवम सिंह इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरे हैं। एक घायल देसी गाय की सेवा से शुरू हुआ उनका सफर आज आधुनिक डेयरी उद्यम में बदल चुका है, जिससे उन्हें सालाना 20 लाख रुपये से अधिक की आय हो रही है।

शिवम सिंह बताते हैं कि करीब पांच वर्ष पहले उनके पिता राकेश सिंह को रास्ते में एक घायल देसी गाय मिली थी। परिवार ने उसे घर लाकर उपचार और देखभाल शुरू की। इसी दौरान गोपालन के प्रति उनका लगाव बढ़ता गया और धीरे-धीरे गोवंश की संख्या बढ़कर 25 तक पहुंच गई। गोपालन को व्यवस्थित व्यवसाय का रूप देने की सोच के बीच उन्हें यूट्यूब के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना की जानकारी मिली, जिसने उनके जीवन को नई दिशा दी।

योजना के तहत आवेदन और चयन के बाद शिवम को पांच लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस सहायता से उन्होंने राजस्थान से साहीवाल और गिर नस्ल की 10 उच्च गुणवत्ता वाली गायें खरीदीं और आधुनिक डेयरी की स्थापना की। वर्तमान में उनकी डेयरी से प्रतिदिन लगभग 110 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। इससे उन्हें सालाना 20 लाख रुपये से अधिक की आय प्राप्त हो रही है।

\डेयरी के विस्तार के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। शिवम ने अपनी डेयरी में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान दिया है। उनका कहना है कि भविष्य में वे दूध से घी और अन्य मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों का उत्पादन शुरू करेंगे, जिससे बाजार में अलग पहचान बनाई जा सके।

## गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या समेत 16 जिलों में तीन महीने में घर पर नही हुई डिलीवरी

- योगी सरकार ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य में हासिल की बड़ी उपलब्धि
- आशा कार्यकर्ताओं, एंबुलेंस सेवाओं और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का अहम योगदान

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश के 16 जिलों में अप्रैल से जून 2026 के दौरान सभी प्रसव स्वास्थ्य संस्थानों में संपन्न हुए हैं। इस अवधि में इन जिलों में एक भी गैरसंस्थागत यानी घर या अन्य स्थान पर प्रसव दर्ज नहीं किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह उपलब्धि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, गर्भवती महिलाओं में बढ़ी जागरूकता और स्वास्थ्य कर्मियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण प्रसूति सेवाएं उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि जिला महिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसूति सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। अस्पतालों में आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी, दवाओं की उपलब्धता और रेफरल व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है।

एचएमआईएस के आंकड़ों के अनुसार गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, वाराणसी, अमेठी, अयोध्या, सुलतानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, गाजीपुर, शामली, गाजियाबाद, हाथरस, इटावा, महोबा और कौशांबी में अप्रैल से जून के बीच एक भी गैरसंस्थागत प्रसव नहीं हुआ। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण, नियमित जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान, आशा कार्यकताओं द्वारा घर-घर संपर्क और एंबुलेंस सेवाओं की उपलब्धता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वरिष्ठ चिकित्सकों का कहना है कि अस्पतालों में प्रशिक्षित डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों की मौजूदगी, आपातकालीन प्रसूति सेवाएं, नवजात देखभाल और जरूरत पड़ने पर तत्काल रेफरल व्यवस्था से मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलती है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने गर्भवती महिलाओं और उनके परिवारों को संस्थागत प्रसव के लिए लगातार प्रेरित किया। प्रसव की संभावित तिथि से पहले तैयारी और समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था ने इस उपलब्धि को हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। प्रदेश सरकार का कहना है कि 16 जिलों की यह उपलब्धि अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल बनेगी और सुरक्षित मातृत्व के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगी।

# प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर हाई अलर्ट

- मुख्य सचिव और डीजीपी ने की अंतरराज्यीय सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा
- जीरो इंसीडेंट–जीरो एक्सीडेंट के लक्ष्य के साथ काम करने के निर्देश




अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ/मेरठ।** कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने मेरठ में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर उत्तर प्रदेश के विभिन्न मंडलों के साथ-साथ उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि कांवड़ यात्रा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह विशाल धार्मिक आयोजन है, जिसे बिना किसी अप्रिय घटना और दुर्घटना के संपन्न कराना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को कांवड़ मार्गों, शिविरों, स्नान घाटों और प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा और भीड़ प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ शिविरों में विद्युत कनेक्शन, अग्नि सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और अन्य मानकों का शत-प्रतिशत पालन कराया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, बाइक एंबुलेंस और अस्पतालों में पर्याप्त बेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी विभाग ₹जीरो इंसीडेंट-जीरो एक्सीडेंट₹ के लक्ष्य के साथ कार्य करें। मुख्य सचिव ने सीमावर्ती राज्यों और जिलों के बीच बेहतर समन्वय, रूट प्लानिंग और त्वरित सूचना आदान-प्रदान पर जोर दिया। उन्होंने संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर पहले से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। वहीं डीजीपी राजीव कृष्णा ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति पर तत्काल कार्रवाई की जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग और एक्सप्रेस-वे के एंट्री-एग्जिट प्वाइंट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

डीजीपी ने निर्देश दिए कि डीजे संचालन सुप्रीम कोर्ट के निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुसार कराया जाए। बिना साइलेंसर वाहन चलाने, स्टंटबाजी और अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाए। सोशल मीडिया पर अफवाह, भ्रामक खबरों और फेक नैरेटिव की निगरानी कर तत्काल कार्रवाई की जाए। बैठक में कांवड़ यात्रा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें प्रकाश व्यवस्था, सड़क मरम्मत, जल निकासी, सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी, ट्रैफिक डायवर्जन, मोबाइल टॉयलेट, प्लास्टिक मुक्त व्यवस्था, सुरक्षा समितियों के साथ संवाद और कानून व्यवस्था शामिल रहे।

बैठक के बाद मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने बाबा औघड़नाथ मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रा से संबंधित सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जलाभिषेक किया। इस अवसर पर एडीजी भानु भास्कर, मेरठ मंडल आयुक्त भानू चन्द्र गोस्वामी, डीआईजी कलानिधि नैथानी, विभिन्न मंडलों के आयुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी मेरठ डॉ. वी.के. सिंह, एसएसपी मेरठ अविनाश पांडे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा सांसदों की गिरफ्तारी के विरोध में सपाइयों का प्रदर्शन

- प्रदर्शन के दौरान पुलिस से नोंकझोंक, पुलिस ने हिरासत में सपाइयों को लेकर पहुंचाया इकोगार्डेन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा सांसद डिम्पल यादव के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर नीट छात्रों के समर्थन में गये पार्टी के सभी सांसदों को पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के विरोध, केंद्रीय शिक्षा



मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग तथा दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने सोमवार को लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान नेताओं की पुलिस से तीखीं नोंकझोंक हुई और सभी को हिरासत में लेकर बसों में भरकर इकोगार्डेन पार्क ले गयी। वहां पर उन्होंने धरना दिया।

सपा लखनऊ महानगर एवं जिले के सभी पदाधिकारी, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सिविल हॉस्पिटल के पास एकत्र हुए। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में पार्टी का झंडा-बैनर लेकर भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए हजरतगंज चौराहे तक मार्च किया। चौराहे पर पहुंचकर सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। भाजपा के अलोकतांत्रिक रवैये का विरोध किया।



प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस ने धक्का-मुक्की की। पुलिस ने सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ जोर-जबरदस्ती की और सभी को हिरासत में लेकर बसों में भरकर इकोगार्डेन पार्क ले गयी। इकोगार्डेन पार्क में सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरोध में धरना दिया।

विरोध-प्रदर्शन में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक रविदास मेहरोत्रा, विधायक अरमान खान, पार्टी के लखनऊ महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी, लखनऊ जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, पार्षद दल के नेता कामरान बेग, ब्लाक प्रमुख ऊषा सेन, महिला सभा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर, पूजा शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, प्रदेश सचिव विजय सिंह, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, राम सिंह राणा, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, प्रवक्ता फखरूल हसन चांद, अनूप बाजपेयी, दीपक रंजन सहित अशोक यादव देव, शब्बीर अहमद खान, रंजीत यादव, प्रदीप शर्मा, राम प्रकाश यादव, राम सागर यादव, वंदना चतुर्वेदी, पंडित शर्मिला महाराज, दीनू रावत, अरूण यादव, अनिल पासी, राजबाला रावत, बचान सिंह यादव, अंजनी प्रकाश यादव, रितु अग्रवाल, बीना रावत, वीरेन्द्र सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, सर्वेश यादव, शैलेन्द्र सिंह बल्लू, सुहैल अहमद, सफाहत हुसैन, धीरज श्रीवास्तव, महेन्द्र यादव, अनिल मास्टर समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



## संक्षेप

### चार्जिंग पर लगे ई रिक्शा से चोरों ने पार किया चार बैटरियां

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के नअसरेंदा गांव में घर के बाहर चार्जिंग पर खड़े बैट्री रिक्शे से चार बैटरियां चोरी देख रिक्शा चालक के होश उड़ गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। असरेंदा निवासी सुनील पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बैट्री रिक्शा 9 जुलाई की रात घर के बाहर चार्जिंग पर खड़ा था। आरोप है कि रात करीब 1:07 बजे एक स्वराज माजदा वाहन वहां पहुंचा। वाहन से उतरे एक व्यक्ति ने पहले घर के गेट को बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद दो अन्य लोग वाहन से उतरे और रिक्शे की चारों बैटरियां निकालकर अपने वाहन में लादकर फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है और फुटेज उसके पास मौजूद है। उसने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर चोरी का मुकदमा दर्ज करने और बैटरियां बरामद कराने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### दो स्कूल वाहनों की आमने-सामने टक्कर

**6 से अधिक बच्चे घायल, एक छात्र का पैर फ्रैक्चर; बेला भेला के पास हुआ हादसा**

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली , भदोखर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह दो स्कूल वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। इनमें एक छात्र के पैर में फ्रैक्चर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य घायल बच्चों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) बेला भेला में चल रहा है। हादसा बेला भेला के पास उस समय हुआ, जब सत्यनारायणी इंटर कॉलेज, दरियापुर की बस और लियो कॉन्वेंट स्कूल, उत्तरपारा की मैजिक गाड़ी आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों में सवार बच्चे घायल हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत पहुंचाई मदद बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया ।युवक की मृत्यु की खबर मिलते ही परिवार में दुख छा गया। मृतक सर्वेश अपने पीछे पत्नी रुचि देवी और लगभग डेढ़ वर्ष का एक बेटा छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बिना देर किए सभी घायल बच्चों को सीएचसी बेला भेला पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को संभाला ।एक छात्र का पैर फ्रैक्चरहादसे में लियो कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा चार के छात्र अर्श ( 14 वर्ष ) गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर में फ्रैक्चर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. रोशन पटेल ने बताया कि छात्र का इलाज जारी है।

## भारी बारिश के बीच भी जारी रही कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन की निशुल्क भोजन सेवा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लगातार हो रही भारी बारिश और मौसम विभाग के अलर्ट के बावजूद कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन ने अपनी साप्ताहिक निशुल्क भोजन वितरण सेवा को बिना रुके जारी रखा। सोमवार को उन्नाव रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित भोजन वितरण कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक चेतन मिश्रा एवं उनकी टीम ने बारिश और जलभराव जैसी कठिन परिस्थितियों के बीच भी जरूरतमंदों तक भोजन पहुँचाकर सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया ।बारिश के बावजूद दोपहर से ही बड़ी संख्या में जरूरतमंद रेलवे स्टेशन परिसर में भोजन की प्रतीक्षा कर रहे थे। दूसरी ओर, फाउंडेशन की टीम भी पूरे उत्साह और समर्पण के साथ निर्धारित समय पर भोजन वितरण स्थल पर पहुँची। मूसलाधार बारिश में भीगते हुए स्वयंसेवकों ने प्रत्येक जरूरतमंद को सम्मानपूर्वक भोजन कराया। संस्था की इस सेवा से लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी और उन्होंने टीम को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर चेतन मिश्रा ने कहा, जब भारी बारिश में ब्लिंकिट के डिलीवरी पार्टनर, दूध वाले और सब्जी विक्रेता अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए लोगों तक आवश्यक वस्तुएँ पहुँचा सकते हैं, तो समाजसेवियों को भी अपने दायित्व से पीछे नहीं हटना चाहिए। समाजसेवा केवल कार में बैठकर नहीं की जा सकती, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के दुख-दर्द को महसूस करते हुए धरातल पर उतरकर करनी पड़ती है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह कार्य अन्य समाजसेवियों को भी प्रेरित करेगा। उन्होंने अपनी पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब समर्पित और सेवा-भाव से कार्य करने वाली टीम साथ हो, तो हर कठिन परिस्थिति आसान हो जाती है। आज इस इस भोजन वितरण में मुख्य भूमिका कुलदीप पांडे , नीतू तिवारी , संजय कुशवाहा, राकेश, मनोज कुमार , सविता शुक्ला, तक्षत तिवारी आदि सभी की रही !! उल्लेखनीय है कि कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन पिछले चार वर्षों से उन्नाव में निस्वार्थ भाव से समाजसेवा के विभिन्न कार्यों में सक्रिय है। संस्था नियमित रूप से निशुल्क भोजन वितरण, रक्तदान अभियान, जरूरतमंदों की सहायता तथा अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों की सेवा कर रही है।

## कैच द रेन अभियान के तहत संगोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की पहल अब गांव के विद्यालयों से भी तेज होती दिख रही है। सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय रनियाँमऊ में 'कैच द रेन' अभियान के तहत संगोष्ठी और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी वर्षा जल संचयन और जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा।

संगोष्ठी में शिक्षक अमित तिवारी ने कहा कि बढ़ते जल संकट के बीच वर्षा जल का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि हर घर, विद्यालय और सार्वजनिक स्थल पर वर्षा जल संचयन की व्यवस्था विकसित की जाए तो भूजल स्तर में सुधार होगा और भविष्य में जल संकट की चुनौती को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और उन्हें अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में कक्षा आठ की छाया ने प्रथम, कक्षा सात की अंबिका ने द्वितीय तथा कक्षा सात के दुर्गेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

समापन पर सभी प्रतिभागियों ने ₹जल है तो कल है₹ का संदेश दोहराते हुए पानी की प्रत्येक बूंद बचाने और जल संरक्षण को जन-जन का अभियान बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अमित तिवारी, संजीव संखवार, ज्ञानेन्द्र कुशवाहा, देवेन्द्र त्रिपाठी, संतोषी देवी, कृपा शंकर, सरोजनी देवी, राधा देवी, सुदेवी, अनुज तिवारी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## मारपीट करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना के गाँव डौडियाखेड़ा निवासी अजयकृष्ण पुत्र रामकरन यादव ने करीब दो माह पूर्व पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह अपने घर के समरसेबल से खंडजा के किनारे किनारे पाइप अपने खेत अंडरग्राउंड करके ले जा रहा था पड़ौसी रामबाबू के विरोध करने पर पाइप डालने का काम हम लोगों के द्वारा रोक दिया गया। लेकिन 10 मई दोपहर पाइप डालने के लिए खोदी गयी नाली को रामबाबू, श्यामबाबू, सुन्दर साहू पुत्रगण स्व० अलोपी व रामबाबू की पत्नी रीतू, श्याम बाबू की पत्नी सुभाषिनी व सुंदर की पत्नी रोशनी तथा रामबाबू का लड़का सौरभ द्वारा पाट जा रहा था। पत्नी पूनम के मना करने पर गन्दी गन्दी गाली देते हुये वे सभी मारने पीटने लगे व बचाने आयी माँ रामा यादव, भाभी नीलम, पड़ोसी धर्मेन्द्र व भांजी प्रियांशी और पूजा को विपक्षीयो ने लाठी डंडा व कुल्हाड़ी से मारा पीटा जिससे सभी लोगों को गम्भीर चोटे आयी है। उक्त मामले में पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। रविवार को बक्सर चौकी इंचार्ज राजेन्द्र मिश्रा मय हम फोर्स ने सुंदर बाबू को डौडियाखेड़ा की नहर पटरी से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## कैच द रेन अभियान के तहत संगोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की पहल अब गांव के विद्यालयों से भी तेज होती दिख रही है। सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय रनियाँमऊ में 'कैच द रेन' अभियान के तहत संगोष्ठी और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी वर्षा जल संचयन और जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा।

संगोष्ठी में शिक्षक अमित तिवारी ने कहा कि बढ़ते जल संकट के बीच वर्षा जल का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि हर घर, विद्यालय और सार्वजनिक स्थल पर वर्षा जल संचयन की व्यवस्था विकसित की जाए तो भूजल स्तर में सुधार होगा और भविष्य में जल संकट की चुनौती को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और उन्हें अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में कक्षा आठ की छाया ने प्रथम, कक्षा सात की अंबिका ने द्वितीय तथा कक्षा सात के दुर्गेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समापन पर सभी प्रतिभागियों ने ₹जल है तो कल है₹ का संदेश दोहराते हुए पानी की प्रत्येक बूंद बचाने और जल संरक्षण को जन-जन का अभियान बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अमित तिवारी, संजीव संखवार, ज्ञानेन्द्र कुशवाहा, देवेन्द्र त्रिपाठी, संतोषी देवी, कृपा शंकर, सरोजनी देवी, राधा देवी, सुदेवी, अनुज तिवारी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## बिजली ठीक करते समय युवक की करंट से दर्दनाक मौत


अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के जोगीकोट गांव में रविवार शाम घर की बिजली ठीक करते समय एक युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जोगीकोट निवासी नमन ( 25 ) पुत्र अवधेश रविवार शाम को घर से बाहर निकलकर बाहर जा रहा था तभी बिजली पोल के पास से गुजरते समय वहाँ पर किसी खुले तार के करंट की चपेट में आ गया ।जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसका बड़ा भाई शानू दिल्ली में रहकर काम करता है। परिवार में मां मालती और एक विवाहित बहन हैं। युवक की असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भारत के लिए बॉक्सिंग में रजक पदक जीत कर जिले का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिले के एक छोटे से गांव की बेटी ने अपनी मेहनत और लगन से इतिहास रचते हुए एंडर 23 भारत के लिए बॉक्सिंग में जीता रजक पदक एशियन यूथ 23 बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित हुई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कजाकिस्तान व उज्बेकिस्तान के मुक्केबाजों को हराकर भारत के लिए रजत हासिल करते हुए जिले का मान बढ़ाया। विकासखंड मियागंज की ग्राम पंचायत बनौनी के मजरा रामपुर कला गांव निवासी राम प्रकाश अपनी पत्नी गुड्डी के साथ साल 2002 मे चंडीगढ़ मजदूरी के लिए प्रवास कर गए थे चंडीगढ़ के काझेरी सेक्टर 52 मे किराए के मकान पर रहने लगे माता-पिता दोनों मजदूरी का कार्य करते हुए धीरे-धीरे समय बीतता गया फिर उनकी बड़ी बेटी प्रियंका का 19/03/2005 को जन्म हुआ जिसने चंडीगढ़ में रहते हुए बीए तक की पढ़ाई की पढ़ाई के साथ-साथ शिव एन सक्सेस बॉक्सिंग अकादमी ज्वाइन कर ली कठिन परिश्रम के साथ वह मेहनत करती रही और कोच देवेंद्र सिंह नेगी सर व शिव सर द्वारा प्रशिक्षण कराया गया वर्ष 2026 में 3 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक चली एशियाई न्यू 23 बॉक्सिंग चैंपियनशिप मे उसे जाने का मौका मिला और भारत की तरफ से प्रियंका का पहला मुकाबला कजाकिस्तान से हुआ कजाकिस्तान की रेसलर को उसने धूल चाटते हुए हरा दिया उसके बाद उज्बेकिस्तान की रेसलर को भी मुकाबले मे उसे भी धूल चटा दी और भारत के लिए रजत हासिल किया जब इसकी जानकारी गांव में हुई तो लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उत्साह पूर्वक एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर उसे बधाइयां दी प्रियंका के पिता राम प्रकाश ने बताया खेती-बाड़ी के अभाव के कारण हम 2002 में चंडीगढ़ मजदूरी करने आ गए थे तब से यही जीवन यापन कर रहे हैं बच्चों की पढ़ाई लिखाई सब यही कराई है यही चंडीगढ़ के काझेरी सेक्टर 52 में किराए के मकान पर रहते हैं प्रियंका की जीत ने यहां रह रहे सभी प्रवासियों का मान बढ़ाया है वह अपने जनपद और गांव का भी मान बढ़ाया है प्रियंका चार बहन भाइयों में सबसे बड़ी है भाई अर्पित, बहन अर्चना, छोटी बहन निकेता है।

## खराब पड़ा सरकारी हैंडपंप बूंद बूंद पानी को तरस रहे है ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खंड की ग्राम पंचायत नरीखेड़ा के तौधकपुर गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। गांव में हीरा पासी के मकान के सामने लगा सार्वजनिक हैंडपंप पिछले दो से तीन महीने से खराब पड़ा है। इससे ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं ।ग्रामीणों के अनुसार, हैंडपंप खराब होने की जानकारी कई बार ग्राम प्रधान को दी गई, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगातार अनदेखी के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों में विनीता देवी, हीरालाल, अनिता, रामरती, विमला आदि लोगो ने खंड विकास अधिकारी ( बीडीओ ) दीपशिखा वर्मा को एक प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने जनहित में खराब हैंडपंप की तत्काल मरम्मत कराने और पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## छप्पर गिरने से नीचे दबा वृद्ध की मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम अहिरन पुरवा में सोमवार की सुबह घर के बाहर तख्त पर बैठे बुजुर्ग के ऊपर अचानक छप्पर गिरने से वह गंभीर घायल हो गया। परिजन घायल को सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्राम अहिरन पुरवा निवासी राम प्रकाश यादव 60 वर्ष पुत्र रामेश्वर अपने खेत में बने मकान में रहता था। वह सोमवार सुबह घर की बाहरी दीवार पर रखे छप्पर के नीचे तख्त पर बैठा था। तभी तेज बारिश से अचानक छप्पर उसके ऊपर आ गिरा। जिसके नीचे दबकर वृद्ध गंभीर घायल हो गया। भाई रामनरेश ने ग्रामीणों की मदद से उसे छप्पर के नीचे से बाहर निकाला और आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही बड़े भाई रामपाल तथा मृतक की विवाहिता इकलौती बेटी सीमा दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगी। करीब तीन दशक पूर्व मृतक राम प्रकाश की पत्नी का निधन हो चुका है। वह खेती किसानी के साथ ही दूध बेचकर स्वयं का खर्च चलाता था। घटना की सूचना पुलिस को दिए बगैर परिजन मृतक का शव लेकर अपने घर चले गए।

## विश्वाश रखिए बी जे पी का विकल्प एजेपी ही बनेगी - डॉ आर सी मिश्र कार्यकर्ता सम्मेलन में गरजे एजेपी नेता

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। राज्य की राजनीति में ताकतवर हो रही अपनी जनतांत्रिक पार्टी ( ए जे पी ) ने जरिए कार्यकर्ता सम्मेलन शक्ति प्रदर्शन कर यह संदेश दिया कि बी जे पी का विकल्प वही है वक्ताओं ने कहा किसी भी संगठन की रीढ़ उसके कार्यकर्ता ही होते हैं वही सरकार बनवाते है आगामी विधान सभा चुनाव में हमें बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है ।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर सी मिश्र ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विफलताओं पर तल्ख टिप्पणी की उन्होंने ए जी पी के पक्ष में लोगों से सहयोग मांगा। बीघापुर के ग्राम रैथाना स्थित एक गेस्ट हाउस में अपनी जनतांत्रिक पार्टी के ब्लाक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मिश्र ने कहा कि किसी भी पार्टी का आधार कार्यकर्ता होते हैं ।उन्होंने देश के ताजा हालात पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है केंद्र की बी जे पी सरकार तानाशाही पर उतर आयी है खाद पानी को लेकर हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है ।रक्षा मंत्री सदन में झूठ बोलते हैं शिक्षा में बेहतर सुधार को लेकर बीस दिन से आंदोलनरत सोनम वांगचुक को सुनने के बजाए उन्हें जबरन उठा लिया गया ।मिश्र ने राज्य सरकार की भी पोल खोल दी उसे किसान विरोधी बताते हुए कहा धान की रोपाई का समय है और नहरों से पानी गायब है भ्रष्टाचार में यह सरकार अब तक की सरकारों से कई गुना आगे निकल गई थाने, तहसील शोषण का अड्डा बन चुके हैं जनजीवन बुरी तरह अस्त व्यस्त है हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने कहा कि यह सरकार गूंगी ही नहीं बहरी भी ऐसे में अपनी जनतांत्रिक पार्टी की ओर लोग आशा भरी नजरों से ।देख रहें हैं शर्मा ने विश्वाश दिलाया कि हम सरकार में आए तो राज्य की दशा, दिशा दोनों बदलेंगे ।हमारी प्राथमिकता गांव, गरीब, किसान होंगे ।जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने स्थानीय समस्याओं को उभारा उन्होंने कहा कि जो जनसेवक होने का स्वांग रच कर हमारे बीच आए थे वह खनन माफिया हो गए खेतों को तालाबों में परिवर्तित करा दिया गया ।कुमार ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए आवाहन किया कि 2027 के चुनाव में अभी से जुट जाएं ।गौरतलब है कि सतत संपर्क के चलते कार्यकर्ता सम्मेलन सफल बताया गया सम्मेलन में प्रमुख रूप से प्रभात कुमार शुक्ला, अजय प्रताप ,फुरकान, सुशील कुमार, मंजू पटेल, देवी रतन वर्मा, सक्षम अवस्थी, विजय पांडे, अनामिका , विकाश चंद्र शुक्ल, शिवम सिंह, मनोज बाजपेयी, भगवती शर्मा, मौसम शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सड़क चौड़ीकरण के लिए खुद हटाने लगे लोग अतिक्रमण, पीडब्ल्यूडी का अभियान तेज

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्लागंज पोनी रोड चौड़ीकरण परियोजना को लेकर पीडब्ल्यूडी का अतिक्रमण हटाओ अभियान अब गति पकड़ रहा है। शनिवार को अभियान शुरू होने के बाद जहां कुछ स्थानों पर नापजोख को लेकर विरोध हुआ था, वहीं अब अधिकांश प्रभावित परिवार नुकसान कम करने के लिए स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटाने लगे हैं।

सोमवार को बिंदानगर से पोनी रोड झंडा चौराहा तक पीडब्ल्यूडी की टीम ने सड़क चौड़ीकरण के दायरे में आने वाले निर्माणों पर निशान लगाए थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने नापजोख पर आपत्ति जताते हुए हंगामा किया और कार्रवाई से पहले मुनादी कराने तथा एक दिन का समय देने की मांग की थी। स्थिति को देखते हुए गंगाघाट कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद अभियान को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया था अब सोमवार से श्रीनगर, लोहिया स्कूल से लेकर पोनी रोड के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने स्वयं ही अपने मकानों के चबूतरे, सीढ़ियां और आगे निकले छज्जे तोड़ना शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण होना तय है। यदि वे स्वयं अतिक्रमण हटाएंगे तो मकान को कम नुकसान पहुंचेगा, जबकि जेसीबी से कार्रवाई होने पर भवनों को अधिक क्षति होने की आशंका है।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिन स्थानों पर निशान लगाए गए हैं, केवल वहीं तक का अतिक्रमण हटाया जाएगा। विभाग का उद्देश्य सड़क को निर्धारित चौड़ाई के अनुरूप विकसित करना है ताकि भविष्य में यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिले ।पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर नवीन चंद्र ने बताया कि लोगों को सहयोग करने के लिए समय दिया गया है। विभाग निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोबारा अभियान शुरू करेगा। यदि कहीं अतिक्रमण शेष रहता है तो उसे विभागीय कार्रवाई के तहत हटाया जाएगा।

## सम्पादकीय

# हाइड्रोजन ट्रेन भारत की नई उम्मीदों का प्रतीक

भारत को मिली पहली हाइड्रोजन ट्रेन असल में ट्रांसपोर्ट से अधिक आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट नमूना है। दुनिया में अब तक जो भी हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं, वे कम दूरी की छोटी ट्रेनें थीं, लेकिन हरियाणा के जींद से सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर के सफर में 2600 यात्री क्षमता वाली यह ट्रेन दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेनों में गिनी जाएगी। बता दें कि इससे पहले जापान, चीन, जर्मनी और अमेरिका में हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं। ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है। यह भारत की तकनीकी क्षमता, ऊर्जा नीति और हरित विकास के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। जिस समय पूरी दुनिया जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के नए विकल्प तलाशने में जुटी है, उस समय भारत का इस दिशा में इतना बड़ा कदम भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था का संकेत देता है। यह उपलब्धि बताती है कि भारत अब केवल नई तकनीकों का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उन्हें विकसित और अपनाने वाले अग्रणी देशों की श्रेणी में भी तेजी से स्थान बना रहा है। भारतीय रेलवे पहले ही दुनिया के सबसे बड़े विद्युतीकृत रेल नेटवर्क में शामिल हो चुका है। देश के ब्रॉड गेज नेटवर्क का लगभग 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है और 25 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल किया जा चुका है। जहां कुछ कार्य शेष है, उसे भी जल्द पूरा करने की तैयारी है। ऐसे में स्वच्छ ऊर्जा आधारित ट्रेनों की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम रेलवे के आधुनिकीकरण की अगली कड़ी माना जा सकता है। हरित हाइड्रोजन तैयार करने के लिए पहले बिजली की आवश्यकता होती है, फिर उसी हाइड्रोजन से ऊर्जा बनाकर ट्रेन संचालित की जाती है। इसलिए इसकी लागत पारंपरिक ईंधन या सीधे विद्युत संचालन की तुलना में अधिक दिखाई देती है। दूसरी ओर, हाइड्रोजन का उपयोग उर्वरक उद्योग, इस्पात उत्पादन तथा अनेक औद्योगिक क्षेत्रों में भी होता है। अब तक बड़े पैमाने पर प्रयुक्त हाइड्रोजन का अधिकांश उत्पादन पारंपरिक तरीकों से होता रहा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए हरित हाइड्रोजन की दिशा में बढ़ना केवल परिवहन सुधार नहीं, बल्कि संपूर्ण औद्योगिक परिवर्तन का आधार बन सकता है। हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौतियों में सुरक्षित भंडारण और आपूर्ति व्यवस्था को माना जाता है। भारत ने हाइड्रोजन ट्रेन के सफल विकास के साथ यह संकेत भी दिया है कि वह इस चुनौती का समाधान विकसित करने की क्षमता रखता है। किसी भी नई ऊर्जा प्रणाली की सफलता केवल उत्पादन पर नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित भंडारण, परिवहन और उपयोग की विश्वसनीय व्यवस्था पर निर्भर करती है। सरकार का अगला लक्ष्य सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों से हरित हाइड्रोजन का उत्पादन बढ़ाना है। यदि ऐसा होता है तो न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट, तेल-गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनावों के दौर में भारत जैसे विशाल देश के लिए ऊर्जा के स्वदेशी और स्वच्छ स्रोत विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कुल मिलाकर, हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन केवल रेलवे की उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत के वैज्ञानिक आत्मविश्वास, हरित विकास और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। असल में यह हाइड्रोजन ट्रेन देश की नई उम्मीदों का प्रतीक है।

# अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की ऊंची उड़ान




विक्रम-1 रॉकेट

महेन्द्र तिवारी

> भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है

भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है।

दशकों तक भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम पूर्ण रूप से सरकारी नियंत्रण और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो के कुशल मार्गदर्शन में पलता और बढ़ता रहा है। इसरो ने सीमित संसाधनों के बावजूद दुनिया को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और मंगल ग्रह से लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक तिरंगा फहराया है। अब समय बदल रहा है और वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी अनिवार्य हो गई है। इसी आवश्यकता को समझते हुए भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया था, यह प्रक्षेपण उसी नीतिगत बदलाव का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष परिणाम है। जब हम स्काईरूट एयरोस्पेस और उसके महत्वाकांक्षी रॉकेट विक्रम-1 की बात करते हैं तो हमें इसके पीछे के तकनीकी चमत्कार और वर्षों की अथक मेहनत को समझना होगा। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है जो अपने आप में एक बहुत बड़ा प्रतीकात्मक संदेश है। विक्रम-1 कोई साधारण लॉन्च वाहन नहीं है, बल्कि यह अत्याधुनिक तकनीकों का एक अद्भुत संगम है। इस रॉकेट की सबसे बड़ी विशेषता इसके निर्माण में थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक का व्यापक उपयोग है। पारंपरिक निर्माण विधियों की तुलना में थ्रीडी प्रिंटिंग से रॉकेट के पुर्जे बनाने में लगने वाला समय और लागत दोनों काफी कम हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त रॉकेट का बाहरी ढांचा कार्बन फाइबर कंपोजिट से बनाया गया है, जो इसे बेहद हल्का लेकिन इस्पात से भी अधिक मजबूत बनाता है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उप कक्षीय और कक्षीय उड़ानों के बीच एक बहुत बड़ा तकनीकी अंतर होता है, जिसे समझना यहां बेहद प्रासंगिक है। नवंबर 2022 में स्काईरूट एयरोस्पेस ने ही अपना पहला रॉकेट विक्रम एस लॉन्च किया था, जो एक उप कक्षीय उड़ान थी। उप कक्षीय उड़ान का अर्थ होता है कि रॉकेट अंतरिक्ष की सीमा को तो छूता है लेकिन वह पृथ्वी की परिक्रमा करने के लिए आवश्यक गति प्राप्त नहीं कर पाता और गुरुत्वाकर्षण के कारण वापस लौट आता है। इसके विपरीत अठारह जुलाई को होने वाला विक्रम-1 का प्रक्षेपण एक कक्षीय मिशन है। इसका मतलब है कि यह रॉकेट न केवल अंतरिक्ष में जाएगा बल्कि यह इतनी तेज गति प्राप्त करेगा कि यह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हो सके और अपने साथ ले जाए गए उपग्रहों को सटीक रूप से उनकी निर्धारित जगह पर छोड़ सके। कक्षीय उड़ान तकनीकी रूप से बहुत अधिक जटिल चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरी होती




है। इसमें रॉकेट के इंजनों को कई बार चालू और बंद करना पड़ता है और इसकी नेविगेशन प्रणाली को बिल्कुल अचूक होना पड़ता है। अगर स्काईरूट की टीम इस चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर लेती है तो यह भारतीय निजी क्षेत्र की तकनीकी क्षमता का विश्व स्तर पर सबसे बड़ा प्रमाण होगा। आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो इस प्रक्षेपण के मायने बहुत गहरे और दूरगामी हैं। आज पूरी दुनिया में संचार मौसम पूर्वानुमान कृषि निगरानी और नेविगेशन के लिए छोटे उपग्रहों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। पारंपरिक रूप से बड़े रॉकेटों के जरिए इन उपग्रहों को लॉन्च करने में बहुत समय लगता है क्योंकि सरकारी एजेंसियों के पास अपने स्वयं के बड़े मिशन होते हैं और छोटे उपग्रहों को उन बड़े मिशनों के साथ सह यात्री के रूप में भेजा जाता है। इस प्रक्रिया में कई बार निजी कंपनियों और विश्वविद्यालयों को अपने उपग्रह लॉन्च करने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ता है। स्काईरूट जैसी कंपनियां इसी समस्या का समाधान लेकर आई हैं। विक्रम-1 जैसे रॉकेट ऑन डिमांड लॉन्च की सुविधा प्रदान करते हैं। इसका मतलब है कि जब भी किसी ग्राहक को अपना उपग्रह लॉन्च करना हो, यह रॉकेट कुछ ही हफ्तों की तैयारी के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो सकता है। यह लचीलापन और कम लागत भारतीय अंतरिक्ष उद्योग को वैश्विक कमर्शियल मार्केट में एक बहुत बड़ा प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान करेगा। वर्तमान में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है लेकिन विक्रम-1 की सफलता इस हिस्सेदारी को कई गुना बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगी और एलन मस्क की स्पेसएक्स जैसी दिग्गज अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को सीधे चुनौती देने की नींव रखेगी। इस निजीकरण और तकनीकी विकास का एक और महत्वपूर्ण पहलू रोजगार सृजन और प्रतिभा पलायन को रोकना है। भारत में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग डीप टेक और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। लेकिन अतीत में उचित अवसर और निजी क्षेत्र में निवेश न होने के कारण हमारी कई बेहतरीन प्रतिभाएं विदेशों का रुख कर लेती थीं। स्काईरूट एयरोस्पेस जैसी स्वदेशी कंपनियों का उदय इन युवा इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को अपने ही देश में विश्व स्तरीय परियोजनाओं पर काम करने का अवसर दे रहा है। इससे देश में एक मजबूत अंतरिक्ष इकोसिस्टम तैयार हो रहा है। रॉकेट निर्माण के लिए आवश्यक कल पुर्जे सॉफ्टवेयर विकास परीक्षण सुविधाएं और ग्राउंड स्टेशन ऑपरेशंस जैसे क्षेत्रों में हजारों नए रोजगार पैदा हो रहे हैं।

यह पूरी प्रक्रिया मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के सपनों को सही मायनों में साकार कर रही है। सरकार द्वारा स्थापित नोडल एजेंसी इन स्पेस का समर्थन और इसरो द्वारा प्रदान की जा रही तकनीकी और बुनियादी ढांचागत सहायता यह दर्शाती है कि भारत में अब सार्वजनिक और निजी क्षेत्र एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि एक दूसरे के पूरक बनकर काम कर रहे हैं। विक्रम-1 की उड़ान केवल एक कंपनी की व्यावसायिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की उम्मीदों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। अठारह जुलाई को जब विक्रम-1 के इंजन आग उगलते हुए आसमान का सीना चीरेंगे तो वह केवल एक मशीन की उड़ान नहीं होगी बल्कि वह एक नए भारत के आत्मविश्वास की उड़ान होगी। यह उड़ान उन तमाम छोटे और मझोले स्टार्टअप्स के लिए एक प्रेरणा है जो नवाचार के क्षेत्र में कुछ नया करने का सपना देखते हैं। यह प्रक्षेपण आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाएगा कि जब सपने बड़े होते हैं और हौसले बुलंद होते हैं तो आसमान की कोई सीमा नहीं होती और सितारे भी हमारी पहुंच में होते हैं।

## आर्थिकी

सोनम लववंशी



# विदेशी बाजारों में खारिज होते भारतीय उत्पाद

किसी भी देश की आर्थिक ताकत उसके उत्पादन से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि दुनिया उसके उत्पादों पर कितना भरोसा करती है। निर्यात केवल विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम नहीं होता, वह किसी राष्ट्र की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण भी होता है। इसलिए जब विदेशी बाजार किसी देश के उत्पादों को गुणवत्ता संबंधी खामियों के कारण लौटाने लगें या उन पर प्रतिबंध लगाने लगें, तो यह व्यापारिक नुकसान ही नहीं , देश की साख पर लगा गंभीर धब्बा भी होता है। दुर्भाग्य से आज भारत इसी चुनौती से जूझ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय मसाले, आम, मिर्च और चावल जैसे उत्पाद लगातार अंतरराष्ट्रीय जांच और प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। हाल ही में चीन ने भारत से भेजी गई मिर्च की खेप को यह कहते हुए रोक दिया कि उसमें खतरनाक कीटनाशक मेथामिडोफॉस की मात्रा तय सीमा से अधिक थी। इससे पहले चीन गैर-बासमती चावल की लगभग 70 खेप भी लौटा चुका है। दूसरी ओर, जापान ने भारतीय आमों के आयात पर रोक लगा दी, क्योंकि निरीक्षण के दौरान फ्यूमिगेशन प्रणाली में गंभीर कमियां मिलीं। इतना ही नहीं, हांगकांग ने लोकप्रिय भारतीय मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी पर सवाल उठाए, जिसके बाद सिंगापुर सहित कई देशों ने भारतीय मसालों पर प्रतिबंध, रिकॉल अथवा जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। ये घटनाएं एक खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि भारत की वैश्विक पहचान गुणवत्ता से नहीं, गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों से बनने लगी है। दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद वैश्विक कृषि व्यापार में भारत की हिस्सेदारी आज भी तीन प्रतिशत से कम है। वर्ष 2024-25 में कृषि निर्यात लगभग 51 अरब डॉलर तक जरूर पहुंचा, फिर भी हमारी क्षमता और संसाधनों की तुलना में यह बेहद सीमित है। ऐसे समय में, जब भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का प्रमुख केंद्र बनने का दावा कर रहा है, गुणवत्ता संबंधी ऐसी घटनाएं हमारे प्रयासों को ही कमजोर कर रही हैं। जापान का फैसला विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दुनिया के सबसे सख्त और भरोसेमंद आयातक देशों में गिना जाता है। वर्ष 1986 में भी फ्रूट-फ्लाई की आशंका के कारण उसने भारतीय आमों पर प्रतिबंध लगाया था। लगभग बीस वर्षों की मेहनत, बेहतर क्वारंटीन व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के बाद 2006 में भारतीय आमों को फिर जापानी बाजार मिला। इस वर्ष निरीक्षण में दोबारा खामियां मिलने के बाद वही बाजार भारत के लिए बंद हो गया। यह केवल एक व्यापारिक निर्णय नहीं, हमारी गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली पर अविश्वास का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सबसे मूल्यवान चीज उत्पाद नहीं, भरोसा होता है। एक बार यदि कोई देश भारतीय उत्पादों पर संदेह करने लगे, तो उसका असर दूसरे बाजारों पर भी पड़ता है। जापान द्वारा गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बाद यूरोपीय संघ, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश भी भारतीय कृषि उत्पादों की जांच और कड़ी कर देते हैं। परिणामस्वरूप हमारे प्रतिस्पर्धी देश पाकिस्तान, वियतनाम, थाईलैंड और ताइवान उन बाजारों में तेजी से अपनी जगह बना लेते हैं। महाराष्ट्र के अल्फांसो उत्पादक हों या गुजरात के केसर आम उगाने वाले किसान, वे पहले ही मौसम की मार झेल रहे हैं। ऐसे समय में निर्यात रुकने से प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद घरेलू बाजार में औने-पौने दाम पर बिकते हैं और किसानों की आय पर सीधा प्रहार होता है। यदि विनिर्मित और कृषि उत्पाद भी वैश्विक बाजार में भरोसा खोने लगेंगे, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य और कठिन हो जाएगा। सवाल यह है कि जिन खामियों का पता विदेशी प्रयोगशालाएं लगा रही हैं, वे भारत से उत्पाद भेजने से पहले हमारी जांच प्रणाली को क्यों नहीं दिखाई देतीं? यदि विदेशी एजेंसियां ही हमारे उत्पादों की गुणवत्ता का प्रमाणपत्र देंगी, तो 'मेड इन इंडिया' की विश्वसनीयता कभी मजबूत नहीं हो सकेगी। खेत से लेकर प्रयोगशाला, प्रसंस्करण केंद्र, पैकेजिंग और निर्यात तक पूरी व्यवस्था को 'जीरो एरर' की संस्कृति अपनानी होगी।

# चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

# अपने रूप, रंग या गुण पर घमंड ना करें



संकलित

प्रेरणा

एक समय की बात है एक बार दांत और जीभ में भयंकर युद्ध छिड़ गया। दांत ने जीभ से कहाः अरे! तुम सिर्फ माँस के लोथड़े हो। तुममें तो कोई भी खुबी नहीं है। न ही तुम्हारा कोई रूप है और न ही कोई रंग। हमारे सभी दाँत को देख रहे हो कैसे मोतियों की भाँति चमक रहे हैं। जीभ बेचारी ने कुछ भी नहीं कहा और वह चुप रही।

दिन बीतते गये, समय अपनी रफ्तार के साथ आगे बढ़ता गया और देखते ही देखते कई माह और वर्ष बीत गये। अब उम्र ढलने के साथ-साथ, धीरे-धीरे करके एक-एक दांत गिरते गये लेकिन होना क्या था जीभ वहीं ज्यो की त्यो बनी रही। अब कुछ बचे हुए दाँत जब गिरने को हुए, तब जीभ ने दांत से कहाः भैया बहुत दिन पहले आपने मुझसे कुछ कहा था। आज उन सबका उत्तर दे रही हूँ। इंसान के मुँह में आप सब दाँत मुझसे बहुत बाद में आए हैं। मैं तो जन्म के साथ ही पैदा हुई हूँ। अब आयु में भी तुम मुझसे छोटे हो लेकिन छोटे होने के बावजूद भी एक-एक करके तुम सब मुझसे पहले विदा हो रहे हो! इसका कारण पता है? दांत ने जीभ से अब विनम्र भाव से बोलाः दीदी अब तक तो नहीं समझते थे पर अब बात समझ में आ गई। तुम कोमल और मुलायम हो और हम कठोर हैं। कठोर होने का दंड ही हमें मिला है। आपके कार्य दूसरों को सुख ही प्रदान करें। अपने रूप रंग या किसी भी गुण के दम पर कभी भी घमंड ना करें। किसी का भी अनादर न करें चाहे कोई आपसे उम्र में छोटा हो या फिर बड़ा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ई-वाहनों में आग : मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स या लापरवाही?

सरकार प्रदूषण मुक्त यातायात करने के मद्देनजर ई-वाहन के निर्माण करने वालों और उसका उपयोग करने वालों को सब्सिडी के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। साथ ही मेन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स में सुधार हेतु कदम उठा रही है, ताकि उसकी वजह से कोई दुर्घटना/हादसा न होने पाए। अच्छी बात है। इसके बावजूद सरकारी आंकड़े कह रहे हैं कि पिछले तीन वर्षों में ई-वाहनों के 23,865 हादसे हुए और 26 बार उसमें आग लगी। बात यहीं तक साफ नजर नहीं आ रही है क्योंकि बैटरी चार्ज के वक्त वाहनों में आग लगने से घरों में भी आग लगी है और भारी नुकसान हुआ है। हाल ही में नोयडा के मामोरा में पांच मंजिल बिल्डिंग में आग लगने से दो लोगों की दुखद मौत हो गई। - पुनीत अग्रवाल, रायगढ़

## ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण



प्रधानमंत्री मोदी का 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आज पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण का पर्याय बन रहा है। इसी दिशा में, 'सामूहिक वृक्षारोपण अभियान' के जरिए गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र को 'ग्रीन लोकसभा' में बदलने का संकल्प लिया गया है और इस पर काम चल रहा है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### जन आरोग्य मंदिर



आज शकूरपुर में 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया गया। हमारा संकल्प है कि दिल्ली के हर निवासी को उनके घर और कॉलोनी के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### कोटि-कोटि नमन



1971 की लड़ाई में दुश्मन के जहाजों के परखच्चे उड़ाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों जी की जयंती पर, मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूँ। आज देश का हर बच्चा उनके बलिदान से प्रेरित है। जय हिंद।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### धार्मिक संपत्ति



जिन बीजेपी सदस्यों और उनके साथियों ने भगवान के खजाने में हाथ डालने और 'धार्मिक संपत्ति' तक चुराने की हिम्मत की, वे किसी पुजारी या इंसान का क्या सम्मान करेंगे? यह बेहद निंदनीय है! कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# यूरोप में भीषण गर्मी से इस साल 10 हजार लोगों की मौत



यूरोप ने इस साल अप्रत्याशित रूप से भीषण गर्मी का सामना किया और पूरे महाद्वीप से संकलित आंकड़ों के मुताबिक तापमान में बेतहाशा वृद्धि से जुड़ी घटनाओं में सामान्य से कहीं अधिक करीब 10 हजार लोगों की जान गई है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार जून के आखिर में इसमें तेजी से तब वृद्धि हुई जब यूरोप के कुछ हिस्सों में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। जानकारों का कहना है कि पूरी स्थिति समझने में समय लगता है और गर्मी से होने वाली कई मौतों को आधिकारिक तौर पर उस तरह दर्ज नहीं किया जाता। उदाहरण के लिए, भीषण गर्मी से दिल का दौरा पड़ सकता है

## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं

## संक्षेप

### पुलिस का साइबर ठगों पर बड़ा प्रहार

**79 म्यूल खाते बंद, 2.70 करोड़ रुपये की ठगी की रकम होल्ड**

अमेठी , पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर एक विशेष साइबर टीम का गठन किया गया है। इस टीम ने अब तक 79 म्यूल खातों को बंद कराया है और 2.70 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की रकम को होल्ड किया है। गठित की गई यह टीम साइबर अपराधियों की धरपकड़, फर्जी खातों और सिम के नेटवर्क को तोड़ने का काम करेगी। एसपी सरवणन टी. ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर यह टीम साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए बनाई गई है। एसपी ने बताया कि साइबर ठग लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए लगातार नए तरीके अपना रहे हैं। ठगी की रकम को खपाने के लिए म्यूल बैंक खातों का इस्तेमाल किया जाता है। इन खातों को लालच देकर खुलवाया जाता है, जिससे अपराधियों तक पहुंचना मुश्किल हो। पुलिस ने अब तक 79 संदिग्ध म्यूल खातों को बंद करने के साथ-साथ 129 संदिग्ध व्यक्तियों पर कार्रवाई की है और 1330 मोबाइल नंबरों को ब्लॉक कराया है। इसके अतिरिक्त, जिले के 82 एजेंटों से पूछताछ कर उनका सत्यापन भी किया गया है ।एसपी सरवणन टी. के अनुसार, साइबर रडऋ टीम का मुख्य उद्देश्य साइबर मामलों में कठोर कार्रवाई करना, बैंक और फर्जी अकाउंट तथा फर्जी सिम बनाने वालों के नेटवर्क को कमजोर करना और चिन्हित हॉटस्पॉट के अपराधियों को गिरफ्तार करना है। एसपी ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी लालच में आकर अपना बैंक खाता या सिम किसी अन्य व्यक्ति को न दें।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**आरोपी मेडिकल स्टोर संचालक युवक पर अपहरण का केस**

अमेठी , जगदीशपुर में भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पीड़िता की मां की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि गांव का ही एक युवक जो अपने घर पर मेडिकल स्टोर चलाता है, बीती 16 जुलाई की देर रात उसकी करीब 16 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी ने विरोध करने पर उसे, उसके पति और पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अजेयेंद्र पटेल ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर आरोपी अनुज के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (अपहरण) और धारा 351 (आपराधिक धमकी) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है। में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नीट-2026 में मुहम्मद कामरान ने बढ़ाया कैसरगंज का मान

## 562 अंक हासिल कर रचा सफलता का नया अध्याय

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET-2026) के घोषित परिणाम में कैसरगंज क्षेत्र के होनहार छात्र मुहम्मद कामरान, पुत्र सलाहुद्दीन, निवासी ग्राम रेवुलिया, कैसरगंज ने 562 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। मुहम्मद कामरान की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे कैसरगंज क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बन गई है। कामरान की सफलता की खबर मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने कहा कि कामरान ने अपनी मेहनत से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी मुहम्मद कामरान को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ी के छात्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति नया उत्साह और आत्मविश्वास पैदा करेगी। सभी ने उनके उज्ज्वल चिकित्सकीय भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे आगे चलकर समाज और देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी डॉ. शिवेंद्र ठाकुर का जन्मदिन

**अमन लेखनी समाचार**




रिसिया, बहराइच। मटेरा विधानसभा क्षेत्र लगातार समाज सेवा करने वाले समाजसेवी डॉ. शिवेंद्र ठाकुर का जन्मदिन रविवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रिसिया बाजार, मटेरा बाजार, घमंडीनाथ मंदिर प्रांगण तथा मंगलीनाथ मंदिर, नवाबगंज में केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं।

मटेरा बाजार स्थित श्याम अग्रवाल के आवास पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं दी । इस दौरान प्रदीप गोयल, सरदार संजय सिंह, प्रधान गौरा धनौली, अजय तिवारी, अवधेश गुप्ता, संदीप साहू, रितेश साहू, रितेश अग्रवाल, झगरू, तिलक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, राजा त्रिपाठी, पवन गोयल, आयुष अग्रवाल, विकास गोयल, माधुरी शरण पांडे, पंकज आर्य, सोनू पांडे, राजा गर्ग, अभय तिवारी, दिलीप गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विक्की यादव, धर्मेंद्र कश्यप, शोभा कश्यप शैलेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने डॉ. शिवेंद्र ठाकुर के स्वस्थ, दीघार्यु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। समारोह का समापन केक वितरण और आपसी शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# दुस्साहस: मामूसी कहासुनी मे युवक ने नंगी तलवार लेकर दौड़ाया

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। थाना क्षेत्र रूपईडीहा के ग्राम बसभरिया मे बच्चों के द्वारा मामूली कहासुनी से नाराज युवक ने नंगी तलवार लेकर विपक्षियों पर हमला करने की कोशिश की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वाइरल हो गया। पीड़ितों नें पुलिस कों तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है वही पुलिस मामले की जांच कर रही है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के बसभरिया गांव मे उस समय हड़कंप मच गया जब छोटे-छोटे बच्चों की लड़ाई से नाराज दबंग नंगी तलवार लेकर घर उलेहना देने गए व्यक्ति पर दौड़ पड़ा। अचानक हुए इस घटनाक्रम से मौके पर मौजूद लोग दहशत मे आ गए और अपनी जन बचाकर इधर-उधर भागते नगर आए, पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वाइरल हो रहा है। जिसमे युवक कल्लू पुत्र अलादीन खुलेआम तलवार लहराते हुए गाली -गलौच और धमकी देता दिखाई दे रहा है। मामले कों लेकर पीड़ित ननकाऊ पुत्र रसूल नें पुलिस सहित उच्च



अधिकारियो कों पत्र देकर कल्लू पुत्र अलादीन, बाबू पुत्र गुलाम, अब्बुल पुत्र रमजान, खुरचाली पुत्र बाबादीन, अरमान पुत्र बाबादीन के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। पुलिस नें दोनों पक्षो कों शांतिभंग मे पाबंद किया है ।घटना के बाद से गांव मे तनाव का माहौल है।

# बाघ के हमलों से बचाव की मांग, ग्रामीणों ने डीएम-डीएफओ से लगाई गुहार

**ककरहा में बुजुर्ग की मौत के बाद दहशत**

**पिंजरा लगाकर बाघ पकड़ने की मांग**

**अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल**

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज क्षेत्र में हिंसक वन्यजीवों के बढ़ते हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल है। दो दिन पहले ग्राम पंचायत ककरहा के मजरा अहिरनपुरवा में बरामदे में सो रहे 88 वर्षीय श्रीराम यादव पर हुए हमले और उपचार के दौरान उनकी मौत के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी तथा प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित को ज्ञापन देकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि श्रीराम यादव पर बाघ ने हमला किया था, जबकि वन विभाग इसे तेंदुए का हमला बता रहा है। घटना के बाद क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और किसान भी खेतों में जाने से डर रहे हैं। ग्रामीणों ने पत्र में क्षेत्र में पिंजरा लगाकर हिंसक वन्यजीव को पकड़ने, पीड़ित परिवार को मुआवजा देने तथा गांवों में गश्त और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि वन विभाग की नियमित निगरानी और गश्त से वन्यजीवों के हमलों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। पत्र देने वालों में आसाराम, रमेश कुमार लोधी, संजय कुमार, अंकित, सचिन, भगवती, मालती, तिलकराम, मायाराम, सुंदरलाल, मंसाराम सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## भाला मारकर गौवंश को किया घायल

**ग्रामीणों में आक्रोश, मौके पर पहुंची पुलिस**

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेलामकन गांव में एक गौवंश को भाला मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। भाला गौवंश के शरीर में काफी देर तक धसा रहा। दर्द से व्याकुल गौवंश इधर उधर भटकता रहा। काफी देर बाद मौके पर पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर गौवंश को पकड़वाया। और चिकित्सक को बुलाकर गौवंश के शरीर से भाला निकलवाया। फिर उपचार हुआ। भाला मारने का आरोप गांव निवासी समुदाय विशेष के दो लोगों पर लगा। गांव निवासी विनीत सिंह सहित दर्जनों लोगों ने नाराजगी जताई। घटना की गंभीरता को समझते हुए प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। और जांच शुरू की। सोमवार सुबह करीब नौ बजे प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि गांव निवासी अली मर्दन और अनीस के विरुद्ध संवैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय के झूले से लटका मिला अधेड़ का शव

**सुलतानपुर में सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने देखा, भाई ने तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की**

**अमन लेखनी समाचार**

सुलतानपुर ,बल्दीराय थाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय पूरे जमादार में सुबह एक अधेड़ का शव झूले से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पूरे भोला तिवारी निवासी महेश कुमार तिवारी (59) पुत्र हौसिला प्रसाद तिवारी के रूप में हुई है। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार सुबह करीब 6 बजे जब लोग गांव में निकले तो प्राथमिक विद्यालय पूरे जमादार के परिसर में लगे झूले से एक व्यक्ति का शव लोवर के सहारे फंदे पर लटका दिखाई दिया। सूचना फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बाद में शव की पहचान महेश कुमार तिवारी के रूप में हुई।



### डायल 112 पर दी सूचना, पुलिस पहुंची मौके पर

घटना की जानकारी परिजनों ने डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही बल्दीराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना बल्दीराय के उपनिरीक्षक रामविलास यादव ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कराई।

# रिश्वतखोरों पर एसीबी की कार्रवाई

## घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गए सरकारी कर्मचारी, पांच साल में दर्जनों अफसर पहुंचे जेल

**अमन लेखनी समाचार**




अमेठी , जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) और विजिलेंस की कार्रवाई लगातार तेज हो रही है। पिछले पांच वर्षों में पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा और अन्य विभागों के कई अधिकारी-कर्मचारी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए जा चुके हैं। हालिया कार्रवाई के बाद एक बार फिर सरकारी महकमों में हड़कंप मच गया है ।नवीनतम मामले में, 18 जुलाई 2026 को सीएमओ कार्यालय में तैनात सहायक संजय मिश्रा को एंटी करप्शन टीम ने 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। उन पर एक कर्मचारी से काम कराने के एवज में यह रकम मांगने का आरोप है। इससे पहले, 19 फरवरी 2026 को नलकूप विभाग के लिपिक एहसान अहमद को एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के लंबित भुगतान के बदले 15 हजार रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में पकड़ा गया था। शिकायत मिलने पर एसीबी ने जाल बिछाकर उन्हें रकम लेते ही दबोच लिया। पुलिस विभाग में भी कई गिरफ्तारियां हुई हैं। 10 जुलाई 2026 को इन्हौना थाने में तैनात उपनिरीक्षक राजेश चंद्र पाल को सड़क दुर्घटना के मामले में पक्ष में रिपोर्ट लगाने के एवज में 15 हजार रुपये लेते रंगे हाथ पकड़ा गया। एसीबी ने थाने के पास एक चाय की दुकान पर यह कार्रवाई की थी इसके अतिरिक्त, संग्रामपुर थाने में तैनात दरोगा कर्मवीर सिंह को चार्जशीट दाखिल करने के नाम पर 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए लखनऊ के फीनिक्स पलासियो मॉल से गिरफ्तार किया गया था। जायस कोतवाली के सिपाही चंदन कनौजिया को भी 31 मई को 9000 रुपये रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया था। राजस्व विभाग में भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं। 11 दिसंबर 2025 को अमेठी तहसील के लेखपाल अमित कुमार आठ हजार रुपये घूस लेते पकड़े गए। 9 सितंबर 2024 को अमेठी एसडीएम कार्यालय के पेशकार योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव को विजिलेंस टीम ने पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। वहीं, 21 जून 2023 को कानूनगो दुर्गा प्रसाद मिश्र को खतौनी में नाम दुरुस्त करने के नाम पर पांच हजार रुपये रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा था।

# व्यापारी ने खुद को मारी गोली

## लाइसेंसी पिस्टल से गंभीर रूप से घायल, मेडिकल कॉलेज में भर्ती, जांच जारी

**अमन लेखनी समाचार**




अलीगढ़ ,बन्नादेवी थाना क्षेत्र की नई बस्ती में एक व्यापारी ने अपने घर के अंदर लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जब परिजनों से बातचीत करने की कोशिश की तो वह कैमरे से बचते नजर आ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार, उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, नई बस्ती निवासी सुनील कुमार राजा, जिनका संबंध गणेश इलेक्ट्रॉनिक्स मामू भांजा से बताया जा रहा है, ने शनिवार दोपहर अपने घर पर यह कदम उठाया। गोली चलने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और घायल सुनील कुमार राजा को तुरंत अस्पताल ले गए घटना की सूचना मिलते ही बन्नादेवी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू की। फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया, जिसने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने लाइसेंसी पिस्टल को भी अपने कब्जे में ले लिया है और उसकी जांच कर रही है। क्षेत्राधिकारी द्वितीय धनंजय सिंह ने बताया कि 18 जुलाई 2026 को नई बस्ती से सुनील कुमार राजा द्वारा अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मारने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, व्यापारी सुनील कुमार राजा पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहे थे। हालांकि, पुलिस का कहना है कि घटना के कारणों को लेकर अभी कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकला है। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल, इलाके में शांति व्यवस्था बनी हुई है और पुलिस मामले की गहन पड़ताल कर रही है।

# स्कूल जा रहे छात्र पर चाकू से हमला

## बैग पर लगने से जान बची, पीठ पर चोट; पुलिस बोली-आपसी विवाद का मामला है

**अमन लेखनी समाचार**



सुल्तानपुर , धनपतगंज थाना क्षेत्र के भरमौली (बिनगी) गांव में को एक स्कूली छात्र पर चाकू से हमला किया गया। इस घटना में छात्र का स्कूल बैग फट गया और उसकी पीठ पर गंभीर चोट आई। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, सुबह करीब 9 बजे 13 वर्षीय साहिल प्राथमिक विद्यालय ब्रह्मौली पढ़ने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में बहेरी गांव निवासी अशरफ पुत्र मुन्नू ने उसे रोक लिया और चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार साहिल के स्कूल बैग पर लगा, जिससे बैग फट गया। हालांकि, छात्र की पीठ में भी चोट आई है। घटना के बाद कथित हमलावर ने छात्र को धमकी दी कि यदि उसने किसी को इस बारे में बताया तो उसे जान से मार देगा। इस धमकी से पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। परिजनों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई अप्रिय घटना हो सकती है। थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने बताया कि मामले में तहरीर मिल गई है और जांच की जा रही है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसे बच्चों के बीच आपसी विवाद का मामला बताया। जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन विवाद में हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

## कुल्हाड़ी और लाठी हुई बरामद, न्यायालय में किया गया पेश

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़ ,जमीन विवाद से जुड़े हत्या के प्रयास के मामले में बाघराय थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी और बांस की लाठी भी बरामद की है। यह घटना 30 मई 2026 की शाम करीब 5 बजे हुई थी। थाना बाघराय क्षेत्र के सराय प्ताविन भाव गांव निवासी एक पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी भूमिधरी जमीन पर विपक्षी अवैध निर्माण कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके छोटे भाई शैलेन्द्र पर कुल्हाड़ी और फरसे जैसे धारदार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित के पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी थी ।पीड़ित की तहरीर के आधार पर, पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच के दौरान, पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कियाइसी दौरान गंगा एक्सप्रेस-वे अंडरपास, धारुपुर रोड के पास से आरोपी शिवमंगल पटेल और अभिमंगल पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने वारदात में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी और बांस की लाठी को बकुलाही नदी पुलिया के नीचे छिपाकर रखा था। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने एक कुल्हाड़ी और एक बांस की लाठी बरामद की। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि इन्हीं हथियारों से शैलेन्द्र पर हमला किया गया था।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को छोड़ा

## पति समेत छह पर मुकदमा, शादी के बाद शुरू हुई प्रताड़ना का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**




प्रतापगढ़ ,नगर कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। अचलपुर निवासी फरहीन नाज ने अपने पति समेत छह ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और बाद में उसे मायके छोड़ दिया गया। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, फरहीन नाज की शादी वर्ष 2022 में नगर कोतवाली क्षेत्र के बेनीपुर निवासी मुनव्वर से हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ लगातार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया गया प्रसव के दौरान अस्पताल में छोड़ने का आरोप फरहीन नाज ने बताया कि 22 अप्रैल 2024 को प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि इस दौरान ससुराल पक्ष उन्हें अस्पताल में ही छोड़कर चला गया। बेटे के जन्म के बाद मायके पक्ष के लोगों ने अस्पताल पहुंचकर नर्सिंग होम का पूरा बिल चुकाया।

### पंचायत के बाद लौटी, फिर मायके भेज दी गई

पीड़िता के अनुसार, बाद में पंचायत के हस्तक्षेप से उसे दोबारा ससुराल भेजा गया, लेकिन कुछ समय बाद फिर से मायके छोड़ दिया गया। इसके बाद उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

### पति समेत छह आरोपियों पर केस दर्ज

नगर कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति मुनव्वर, ससुर मुमताज अली, ननद जुबैदा बानो, सेबी, इबरार अली सहित छह आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षेप

### सीडीओ के आदेश के बावजूद नहीं मिला बेरोजगारी भत्ता

**बागपत तहसील दिवस में ग्रामीण ने लगाई न्याय की गुहार**

बागपत ,तहसील दिवस में ग्राम चोहल्दा निवासी मुकेश कुमार ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा। उन्होंने मनरेगा के तहत देय बेरोजगारी भत्ता न मिलने का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। मुकेश कुमार के अनुसार, मुख्य विकास अधिकारी के स्पष्ट आदेशों के बावजूद उन्हें अब तक भत्ता नहीं मिला है। अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित मुकेश कुमार ने बताया कि वह पिछले कई महीनों से अपने अधिकारों के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। शिकायत पत्र में उल्लेख है कि सीडीओ कार्यालय द्वारा 21 अप्रैल 2026 को इस मामले में आदेश जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद प्रकरण का निस्तारण नहीं हो सका है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत सचिव और खंड विकास अधिकारी की ओर से प्रस्तुत की गई रिपोर्टों में कई तथ्यों को गलत तरीके से दर्शाया गया। मुकेश कुमार ने अपने पक्ष में आवश्यक दस्तावेज और प्रमाण भी अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल पाया। मुकेश कुमार ने बताया कि 30 मई, 11 जून और 29 जून को भी विभिन्न स्तरों पर सुनवाई हुई, परंतु अब तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। इस कारण उन्हें लगातार आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि उन्हें नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता दिलाया जाए। साथ ही, मामले में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मुकेश कुमार ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और न्याय की उम्मीद जताई है। तहसील दिवस में मौजूद अधिकारियों ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस संबंध में संबंधित अधिकारी राहुल वर्मा ने बताया कि मुकेश कुमार के काम पर न आने के कारण उनका भत्ता रोक लिया गया था।

### महिला ने पुलिस जांच पर लगाए गंभीर आरोप

**तहसील दिवस में निष्पक्ष कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग**

बागपत ,एक महिला ने तहसील दिवस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने पुलिस पर उसके साथ हुई गंभीर घटना के मामले में निष्पक्ष कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। यह घटना 9 जुलाई को हुई थी, जिसमें उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्राम विनयपुर, थाना खेकड़ा निवासी पीड़िता ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि कई आरोपियों ने उसके घर में घुसकर हमला किया था। महिला का आरोप है कि घटना के दौरान उसके साथ अभद्रता और गंभीर अपराध भी किए गए, लेकिन पुलिस ने मामले में सभी तथ्यों को शामिल नहीं किया। पीड़िता के अनुसार, न्यायालय के आदेश के बाद 17 जुलाई को मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि, महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों पर केवल कुछ सामान्य धाराएं लगाई गईं, जबकि मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की और भी कठोर धाराएं लगाई जानी चाहिए थीं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली लोगों के दबाव में आकर जांच प्रभावित की जा रही है।

## आखिर कब समाप्त होगी स्वास्थ्य विभाग की घूसखोरी?

### जनपद के सभी क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों में मची लूट मरीज परेशान

### 2100 रुपए घूस लेते स्टाफ नर्स का वीडियो हुआ वायरल

**अमन लेखनी समाचार**



सहायिका के बगल में बैठी स्टाफ नर्स की खुलेआम घूस लेती हुई फोटो

फतेहपुर। देश में वर्तमान सरकार एवं प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के सभी दावे विभाग के द्वारा ही फेल होते नजर आ रहे हैं जगह-जगह मरीजों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं वही स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी स्टाफ नर्स खुलेआम प्रसव कराने की घूस लेकर वर्तमान सरकार को पलीता लगा रही हैं ताजा मामला फतेहपुर जनपद के असोथर विकासखंड अंतर्गत स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरांय खालिस का सामने आया जहां कार्यरत स्टाफ नर्स मोनिका सिंह ने प्रसव कराने आए विकासखंड क्षेत्र के चुनका का डेरा निवासी अर्पित कुमार से खुलेआम 2100 रुपए की घूस ली जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जोर-जोर से वायरल होगा जबकि अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता वही घूसखोरी होने के बाद भी जन्म के पश्चात नवजात शिशु को नहीं बचा पाए पीड़ित अर्पित कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी संयोगिता का प्रसव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरांय खालिस में कराया गया थाने में लिखित तहरीर देते हुए पीड़ित ने बताया कि पैसे देने के बाद भी उसे शाम तक बैठा रखा गया वहीं प्रसव के पश्चात बच्चे की हालत खराब हो गई जहां अपना पल्ला झाड़ते हुए स्टाफ नर्स ने बच्चे को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही बच्चे की मौत हो गई पीड़ित ने स्टाफ नर्स तथा सहायिका पर 2100 रुपए घूस लेने का आरोप लगाया वास्तव में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण विभाग पर कार्यरत कर्मचारी वर्षों से धड़ल्ले से घूसखोरी कर रहे हैं जनपद के अनेक क्षेत्र जैसे खागा बिंदकी जहानाबाद देवमई भिठौरा हसवा कल्याणपुर समेत लगभग 80 फीसदी स्वास्थ्य केंद्र इस भ्रष्टाचार में पूर्ण रूप से लिप्त है कई बार शिकायतें होने के बाद पीड़ित को ली गई घूस की रकम भी वापस की गई है यदि मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने ऐसे जघन्य अपराधों पर अंकुश नहीं लगाया तो दिन प्रतिदिन मरीज तथा तीमारदारों का शोषण इसी तरह होता रहेगा तथा मरीज को न्याय नहीं मिल पाएगा देखना यह है कि ऐसी जघन्य अपराध करने वाली स्टाफ नर्स सहायिका के साथ विभाग अपनी क्या प्रतिक्रिया अपनाता है

## मेंड़ में रखे कांटे हटाने में हुआ विवाद कई घायल



अमन लेखनी समाचार

खागा, फतेहपुर। जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव इब्राहिमपुर मजरे जगजीवनपुर में मेंड़ में रखे कांटे हटाने में विवाद हुआ तथा मारपीट में कई लोग बुरी तरह घायल हुए मिली जानकारी के अनुसार खेत की मेंड़ में दबंग लोगों ने कांटे लगा रखे थे जहां से निकलने में दिक्कत हो रही थी धान लगाने खेत गए ग्रामीण 20 वर्षीय दिनेश पुत्र भागवत 30 वर्षीय शिवानी पुत्र दिनेश 45 वर्षीय सुमन पत्नी रामनरेश तथा शांति पत्नी दिनेश को दबंग लोगों ने मारपीट कर बुरी तरह जख़्मी कर दिया मौजूदा लोगों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां सूचना पाकर तत्काल पहुंची पुलिस प्रशासन ने आनन-फानन घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हथगांव भर्ती किया डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात घायलों में सुमन देवी की हालत ज्यादा गंभीर बताई तथा उसे जिला अस्पताल फतेहपुर के लिए रेफर किया वहीं अन्य घायलों का उपचार चल रहा है थाना प्रभारी ने बताया कि घायलों द्वारा मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है वहीं जांच प्रारंभ है

## पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ बदमाश ओवैस रजा

**अमन लेखनी समाचार**



फतेहपुर। जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला के साथ दुष्कर्म करने वाला वांछित अभियुक्त बदमाश पुलिस में ढेर हो गया कोतवाली पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर की सटीक सूचना पर अभियुक्त को घेर लिया वहीं मुठभेड़ में अभियुक्त के पैर में गोली लगी तथा वह धराशाई हो गया पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि बदमाश ओवैस रजा काफी दिनों से वांछित चल रहा था जिसके ऊपर एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का भी आरोप था कोतवाली पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मुठभेड़ के दौरान आरोपी को घायल कर गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार अभियुक्त के पास एक 315 वोर अवैध तमंचा एक खोखा कारतूस तथा एक जिंदा 315 वोर कारतूस बरामद हुआ आरोपी को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया वहीं आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई

## विद्यालय की अध्यापिकाओं से युवक निरंतर कर रहा था अभद्रता हुआ चालान

### फोन पर प्रधानाध्यापक को दी जान से मारने की धमकी

**अमन लेखनी समाचार**


जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत देवमई विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर में कार्यरत प्रधानाध्यापक सरल मोहन उत्तम ने गांव के एक नवयुवक से आहत होकर नजदीकी थाने में लिखित तहरीर दी प्रधानाध्यापक ने तहरीर देते हुए बताया कि विगत लगभग एक सप्ताह से निरंतर ग्रामीण युवक अंकित विद्यालय के अंदर बिना अनुमति के प्रवेश कर जाता है तथा विद्यालय में पहुंचकर मोबाइल फोन से वीडियो बनाते हुए महिला अध्यापिकाओं के साथ अभद्र व्यवहार तथा गाली गलौज करता है कल सोमवार को पूर्व काल की तरह ही युवक अंकित विद्यालय पहुंचा तथा महिला शिक्षकों के साथ अभद्रता करने लगा विद्यालय में शिक्षिका रसीदा बानो पूनम प्रियंका उत्तम तथा शिक्षामित्र पूजा शिप्रा उत्तम आदि मौजूद थी उन्होंने प्रधानाध्यापक को फोन पर सूचना दी वही युवक ने भी अपने फोन से प्रधानाध्यापक को फोन करते हुए गाली गलौज तथा जान से मार देने की धमकी दी अध्यापिकाओं ने बताया कि लगभग एक सप्ताह से युवक विद्यालय में आकर अभद्र भाषा गाली-गलौज तथा वीडियो बनाता रहता है जिससे शिक्षा व्यवस्था पर भारी प्रभाव पड़ रहा है वही प्रधानाध्यापक ने बताया कि ऐसे उग्र व्यक्ति से बच्चों समेत शिक्षकों को भी भय व्याप्त है तहरीर स्वीकृत करते हुए थाना प्रभारी जहानाबाद योगेश कुमार सिंह ने युवक अंकित के विरुद्ध कार्रवाई कर चालान कर दिया

## बिजली कटौती से गुस्साए लोगों ने रोड जाम किया

### मेरठ में कर्मचारी बिजली घर में ताला लगाकर भागे, हंगामे के बाद भी नहीं पहुंची पुलिस

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , रात 12 बजे रुड़की के एमईएस बिजली घर पर बिजली कटौती और कर्मचारियों की लापरवाही से गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया। आक्रोशित भीड़ ने रुड़की रोड को जाम कर दिया और घंटों तक नारेबाजी की। आरोप है कि सूचना के बावजूद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। वहीं बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली घर का ताला लगाकर भाग गए। एमईएस बिजली घर से लालकुर्ती, पल्लवपुरम, सदर और तोपखाना जैसे क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शाम से ही इन इलाकों में बिजली गुल थी। दोपहर में बारिश के बाद उमस भरी गर्मी बढ़ गई, जिससे बिजली न होने पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को फोन किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग बिजली घर पर इकट्ठा हो गए और नारेबाजी करने लगे। उनका आरोप है कि बिजली विभाग द्वारा कोई आश्वासन नहीं दिया गया और जब उन्होंने बिजली आने



का समय पूछा तो उनसे अभद्रता की गई। इस दौरान बिजली कर्मियों और लोगों के बीच नोकझोंक भी हुई गुस्साई भीड़ ने बिजली घर के सामने रुड़की रोड पर जाम लगा दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई घंटों तक पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। हंगामा बढ़ने पर बिजली कर्मचारी बिजली घर का ताला लगाकर चले गए। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद ही स्थिति सामान्य हो सकी। लोग विद्युत विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## नाबालिक को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला युवक गया जेल

### प्रशासन ने नाबालिक लड़की कानपुर शहर से की बरामद



**अमन लेखनी समाचार**

खागा, फतेहपुर। जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव चकफतेह मोहम्मद मजरे मोहम्मदपुर गौती निवासी 26 वर्षीय अभियुक्त मोहम्मद साकिब पुत्र मोहम्मद सलीम को प्रशासन ने नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त द्वारा थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी नाबालिक लड़की को भगा ले जाने का आरोप था जहां खोजबीन के पश्चात लड़की मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर नजदीकी जनपद कानपुर शहर के शीशामऊ क्षेत्र से बरामद की गई जहां प्रशासन ने नाबालिक लड़की को परिजनों को सौंप दिया वही आरोपी के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 97/2026 धारा 87/137 (2) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज मुकदमा के आधार पर कार्रवाई की गई

## ललिता हत्याकांड का दोषी बचेगा नहीं :सीएम

### गाजियाबाद में परिवार ने की मुलाकात, पिता और चाचा को आवास देने के निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**

गाजियाबाद,सुबह ललिता गौतम का परिवार सीएम योगी से गेस्ट हाउस में मिला। करीब 25 मिनट तक परिवार की बातचीत हुई। इस दौरान सीएम योगी ने परिवार से घटनाक्रम की जानकारी ली। साथ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा- कोई भी दोषी बचेगा नहींउन्होंने मृतका के पिता और चाचा को आवास देने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही सीएम कोष से 5 लाख की सहायता राशि भी दी जाएगी वहीं सीएम योगी ने मेरठ मंडल के कमिश्नर, डीआईजी कलानिधि नैथानी ने पुलिस की अब तक की कार्रवाई के बारे में जाना। साथ ही सीएम ने पीड़ित परिवार से पूछा कि क्या पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं। मेरठ के प्रभारी मंत्री असीम अरुण परिवार को लेकर पहुंचे थे। इस दौरान मेरठ एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज भी साथ में रहे।11 जुलाई को अखिलेश यादव से मिला था परिवारवहीं 11 जुलाई को सपा प्रमुख अखिलेश यादव से ललिता गौतम के परिवार ने मुलाकात की थी। अखिलेश ने ललिता के पिता से कहा- बेटी को न्याय मिलेगा। सरकार बनने पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी देंगे। उन्हें 2 लाख रुपए का चेक भी सौंपउन्होंने मेरठ के एसएसपी अविनाश पांडेय पर तंज भी कसा। कहा-जिस पुलिस से न्याय की उम्मीद होती है, उसके ही अधिकारी अन्याय और अहंकार के थप्पड़ जनता के गाल पर मार रहे हैं। वीडियो यूपी पुलिस की छवि को खंडित कर रहा है। इससे आम जनता के प्रति संवेदनशील पुलिसकर्मी शर्मिंदा हैं सांसद चंद्रशेखर ने परिवार से मुलाकात की थी 0 जुलाई को



सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मेरठ में ललिता के परिजनों से मुलाकात की थी। उन्होंने सांसद ने प्रशासन को 7 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा- न्याय नहीं मिला तो लखनऊ में आंदोलन करेंगे और लोकसभा में भी मामला उठाएंगे।अब जानिए छात्रा ललिता गौतम हत्याकांड के बारे में टीपीनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली बीए थर्ड ईयर की छात्रा ललिता गौतम 15 मई को परीक्षा देने घर से निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटीं। घरवालों ने उसी दिन गुमशुदगी दर्ज करा दी। 17 मई को रोहटा थाना क्षेत्र के उकसिया गांव के गन्ने के खेत में ललिता का शव मिला। इसके बाद घरवालों ने गैंगरेप के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था। पुलिस ने घरवालों की शिकायत पर 3 युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी अंकुश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया था कि 3 साल से उसकी ललिता से दोस्ती थी। उसे ललिता के किसी दूसरे युवक से बात करने का शक था।

## पत्नी ने स्कूल मालिक पति को सांप से डसवाकर मारा

### आधी रात बिस्तर पर सांप छोड़ा, लव-मैरिज की थी; मेरठ में शादीशुदा वैन ड्राइवर से अफेयर था

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ,स्कूल संचालक पति को पत्नी ने सांप से डसवाकर मरवा दिया। उसने शादीशुदा वैन ड्राइवर प्रेमी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। दामिनी ने पहले पति अतुल कुमार (32) को दूध में नींद की गोलियां मिलाकर पिला दी। फिर रात 2 बजे प्रेमी और सपेरों को बुलाकर बिस्तर पर करैत सांप छोड़ दिया। यह देश के 4 सबसे जहरीले सांपों में आता है। वारदात के बाद दामिनी ने प्रेमी तुषार पायला को वहां से भगा दिया और खुद दूसरे कमरे में सोने चली गई। दामिनी सुबह 6 बजे कमरे में पहुंची और चीखने लगी। उसने परिजनों से कहा कि अतुल को सांप ने काट लिया है। कमरे में सांप मौजूद था और अतुल के पैर पर डसने के निशान भी थे। इसे देखकर परिजनों को लगा कि उनकी मौत सांप के डसने से हुई है। मामला तब पलटा, जब पूछताछ में पत्नी दामिनी (30) ने बताया कि उसे गर्मी लग रही



थी, इसलिए वह बेटे के साथ कमरे से बाहर सोने चली गई थी। उसके इस बयान पर परिजनों को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने दामिनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कॉल डिटेल खंगालने पर वैन ड्राइवर तुषार पायला से उसकी लगातार बातचीत सामने आई। तुषार को पकड़ा गया तो उसने पूरी साजिश कबूल कर ली। उसने बताया कि अतुल उनके रिश्ते में रोड़ा बन रहा था। अतुल ने 20 लाख रुपए का बीमा भी कराया था। हत्या के बाद बीमा की रकम लेकर दोनों नई जिंदगी शुरू करना चाहते थे। इसलिए दोनों ने 5 लाख रुपए में दो सपेरों को तैयार किया और अतुल को करैत सांप से डसवा दिया।मामला हस्तिनापुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने पत्नी, उसके प्रेमी और दोनों सपेरों को जेल भेज दिया है। मीडियाकर्मियों ने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन वह बिना कुछ बोले चली गई।

7 साल पहले लव मैरिज की, फिर परिवार से अलग रहने लगे

अतुल कुमार जिला मुख्यालय से 30 किमी भंडोरा गांव के रहने वाले थे। वह तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। पिता अजब सिंह (72) खेती-किसानी करते हैं, जबकि मां संतोष देवी (69) गृहिणी हैं। बड़े भाई कुलदीप सेना से रिटायर हैं और पत्नी-बच्चों के साथ बहसूमा में रहते हैं। दूसरे भाई मनदीप ने चार साल पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं, दामिनी ने डबल एमए और बीएड किया है। उसके पिता की मौत हो चुकी है। मां हस्तिनापुर में ही छोटे बेटे के साथ रहती हैं। 7 साल पहले अतुल ने परिवार के खिलाफ जाकर दामिनी से लव मैरिज की थी। पहले वह एक कंप्यूटर कंपनी में प्राइवेट नौकरी करते थे। चार साल पहले नौकरी छोड़कर उन्होंने कृष्ण किड्स प्ले स्कूल खोला, जिसे वह पत्नी के साथ मिलकर चलाते थे। स्कूल में नर्सरी से कक्षा 5 तक की पढ़ाई होती है और करीब 150 बच्चे पढ़ते हैं।

## स्पा सेंटर पर छापेमारी,चार स्पा सेंटर सील

### 28 लड़कियों को बचाया, 15 लड़के हिरासत में



**अमन लेखनी समाचार**

ग्रेटर नोएडा , शाम को एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट और महिला पुलिस ने स्पा सेंटरों पर छापेमारी की। बीटा टू थाना क्षेत्र के साइट फोर स्थित एक कॉम्प्लेक्स में चल रहे चार स्पा सेंटरों पर यह कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का धंधा चलने का खुलासा हुआ इस दौरान मौके से 28 लड़कियों को रेस्क्यू किया गया, जबकि 15 लड़कों को हिरासत में लिया गया है। गुप्त रूप से की गई इस छापेमारी के दौरान स्पा सेंटर में कुछ देर के लिए भगदड़ मच गई थी। डीसीपी महिला सुरक्षा सुनीति सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र में कुछ स्पा सेंटरों पर देह व्यापार की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट और एक एनजीओ के सहयोग से शाम को साइट फोर स्थित परिसर में छापेमारी की गई।

## दो लोगों से 54 लाख की ठगी

### शेयर बाजार में रखते है रुचि, दोनों को वाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा, पैसा आने संपर्क तोड़ा

**अमन लेखनी समाचार**

नोएडा ,घर बैठे रकम कमाने के जाल में फंसाकर साइबर ठगों ने महिला समेत दो लोगों से 54 लाख रुपये ठग लिए। ठग ब्रोकर एप पर मनमुताबिक मुनाफा दिखाकर रकम ट्रांसफर कराते रहे। एक भी पैसा नहीं निकलने पर पीड़ितों को साइबर ठगों के जाल में फंसे होने का आभास हुआ। पीड़ितों ने शनिवार को साइबर क्राइम थाने में मामले दर्ज कराए। नोएडा सेक्टर 58 के राजेश कुमार प्राइवेट कंपनी कार्यालय में नौकरी करते हैं। वह शेयर बाजार में रुचि रखते हैं। राजेश जुलाई 2025 में वाट्सअप मैसेज से अंकिता और स्नेहा अग्रवाल नाम की ठग के संपर्क में आए। ठगों ने घर बैठे शेयर बाजार में निवेश करने का सुझाव दिया। टीसीएस केपिटल ग्रुप में में निवेश करने पर दोगुना मुनाफा होने का दावा किया। राजेश को एक एप डाउनलोड कराई। शुरूआत में छोटा-छोटा निवेश कराकर मुनाफा कमवाया। रकम को बैंक खाते में



ट्रांसफर कर विश्वास भी दिलाया। राजेश ने ठगों पर विश्वास कर आठ अगस्त 2025 तक करीब 33 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। रुपयों की जरूरत पड़ने पर मुनाफे समेत रकम को निकालना चाहा। संपर्क तोड़ दिया गया। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की रहने वालीं बुजुर्ग दीप्ति गृहणी हैं। वह शेयर बाजार में रूचि रखती हैं। ठग ने दीप्ति से नौ जून 2025 में वाट्सअप मैसेज से संपर्क किया।

## पिटबुल डॉग को लेकर लोगों ने किया हंगामा

### किराएदार से फ्लैट खाली कराने की मांग, पुलिस ने लोगों को समझाकर कराया शांत

**अमन लेखनी समाचार**

नोएडा , सेक्टर-77 के प्रतीक विस्टारिया सोसाइटी में रात करीब 11 बजे पिटबुल डॉग को लेकर लोगों ने हंगामा किया। सोसाइटी के लोगों ने किरायेदार पर आरोप लगाया कि उसके पाले गए पिटबुल ने पहले भी कई लोगों को काटा है, जिससे निवासी डरे हुए हैं। लोगों ने किरायेदार से फ्लैट खाली करने और पिटबुल को सोसाइटी से हटाने की मांग की।

### घर में अकेला था बेटा, दोस्तों को बुलाया

जानकारी के अनुसार, जब सोसाइटी के लोग किरायेदार से फ्लैट खाली करने की बात करने पहुंचे, उस समय घर की महिला बाहर गई हुई थी और घर में उसका बेटा अकेला था। अचानक बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से वह घबरा गया। उसने अपने कुछ दोस्तों को सोसाइटी बुला लिया। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया।



### सूचना पर पहुंची थी पुलिस

हंगामे की सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-113 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत कर लोगों को समझाया और स्थिति को शांत कराया। इसके बाद मामला शांत हो गया। पुलिस का कहना है कि पिटबुल डॉग से जुड़े मामले में नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को अवगत कराया जाएगा।

# पूणार्हुति एवं विशाल भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। ग्राम मछलीकांछ स्थित श्री काल भैरव बाबा प्रांगण में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह, मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का सोमवार को पूणार्हुति एवं विशाल भंडारे के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हो गया। संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथाव्यास पंडित रोहित कृष्ण शास्त्री ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भक्त सुदामा दरिद्र नहीं, बल्कि परम संतोषी ब्राह्मण थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता संसार के लिए आदर्श है। सच्चा मित्र वही होता है जो सुख-दुःख और विपरीत परिस्थितियों में भी अपने मित्र का साथ निभाए तथा उसकी हर संभव सहायता करे। कथा के समापन पर कथा परीक्षित महेश निषाद ने अपनी धर्मपत्नी के साथ विधि-विधान से श्रीमद्भागवत महापुराण की आरती उतारी। इसके बाद दोपहर 3 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह यादव (वीरू नाटा, ककरवई), एडवोकेट सौरभ पाठक, शिवप्रसाद नन्ना, मोहन सिंह निषाद, सुम्मेर निषाद, रामाधार मुखिया, देवीदीन बाबा, संतराम निषाद, गनपत, मुन्नीलाल, खेमराम, चिरंजीलाल निषाद, इंद्रपाल निषाद, सीताराम निषाद, राकेश निषाद, पूरणलाल, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने कथा एवं धार्मिक अनुष्ठानों का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा, मरीजों को मिला लाभ

अमन लेखनी समाचार




रेणुकूट। पिपरी स्थित श्री अनंत पद्मावती सेवा आश्रम परिसर में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद पटेल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। पिपरी और रेणुकूट क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों के लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया। डॉ. आनंद पटेल ने बताया कि बदलते मौसम में लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस समय वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है, इसलिए सभी को स्वच्छता और खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज और सावधानी से बीमारी को रोका जा सकता है। आश्रम संचालक पंडित वीर विक्रम नारायण पांडेय ने बताया कि प्रत्येक रविवार को आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया जाता है। इस सेवा का विशेष लाभ नगर और आसपास के क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद लोग उठाते हैं। स्थानीय लोगों ने इस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन मरीजों को राहत मिलती है जिन्हें आर्थिक तंगी के कारण उचित इलाज नहीं मिल पाता।

# गुरसरांय -बिजौरा मार्ग पर स्व. कन्हैयालाल माते की स्मृति में बनेगा स्मृति द्वार

### एमएलसी आर.पी. निरंजन ने किया भूमि पूजन

अमन लेखनी समाचार



गरौठा/झांसी। विधान परिषद सदस्य आर.पी. निरंजन ने गुरसरांय-बिजौरा मार्ग पर पूर्व विधायक स्वर्गीय कन्हैयालाल माते बिजौरा की पुण्य स्मृति में निर्मित होने वाले स्मृति द्वार का विधिवत भूमि पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की। एमएलसी आर.पी. निरंजन ने कहा कि स्वर्गीय कन्हैयालाल माते ने अपने सार्वजनिक जीवन में जनसेवा, विकास और सामाजिक समरसता के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनकी स्मृति में बनने वाला यह स्मृति द्वार आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों एवं समाजसेवा के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा। भूमि पूजन के उपरांत एमएलसी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए क्षेत्र के विकास कार्यों, सड़क, शिक्षा, पेयजल तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी के सहयोग से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बद्री प्रसाद प्रधान (बड़वार), रणकेन्द्र प्रधान (बिजौरा), राजकांतेश वर्मा (ब्लॉक प्रमुख, चिरगांव), पुष्पेन्द्र पटेल (भडोकर प्रतिनिधि), हरप्रसाद पटेल (वीरपुरा), प्रमोद सिरौठिया, राजेश प्रधान (लखावती), अनुज द्विवेदी (प्रधान, नागर), भगवती शरण कौशिक (प्रधान, नुनार चौकरी), दीपेश प्रधान (हाटी), बृजेश प्रधान (निमगाना), पंकज प्रधान (इमिलिया), जितेन्द्र प्रधान (भडोकर), रमाकांत प्रधान (मडोरी), सर्वेश प्रधान (हैवतपुरा), राजू प्रधान (आमली), रामप्रसाद प्रधान (बरौटा), संतोष प्रधान (सैगुआं), बब्लू प्रधान (दुगारा), भूपेन्द्र प्रधान (पण्डवाहा), सियाराम प्रधान (बेला), नीरज शर्मा (शीला), नीरज प्रधान (पुरा अतरौली), मनोज प्रधान (तिलैरा), शम्भू प्रधान (नौटा), कृपेन्द्र प्रधान (धमना पायक), किशोरी प्रधान (बिटटौरा), धर्मेन्द्र प्रधान (हरदुआ), पुष्पेन्द्र पटेल (प्रधान, गढ़वई), राजेश प्रधान (सरसेड़ा), अंकित मुखिया (पण्डवाहा), राजकुमार प्रधान (पुछी), हरीश सोनी (टहरौली), सुबोध घुरैया, उत्तम ठेकेदार, मुलायम प्रधान (लभेरा नेकेरा), कुलदीप प्रधान (गेंदा कबूला), वीरेन्द्र कुमार प्रधान (इस्किल), सूर्य प्रकाश प्रधान (सिमरधा), जाहर प्रधान (भगवंतपुरा), बल्लू प्रधान (धवारी), हरिओम (मदरवास), प्रवीण उपाध्याय, प्रहलाद राजपूत, कौशल पटेल (बिजौरा), पवन पटेल (खडेनी), अरविंद (रानापुरा), शैलेन्द्र (रानापुरा) तथा इन्द्र पाल सिंह घोष सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खास समाचार

# दुद्धी पुलिस द्वारा अलग- अलग प्रकरण से संबंधित 03 वारंटी अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार





अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक दुद्धी के नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है अभियान के दौरान माननीय अपर सिविल जज (जू०डि०) / न्यायिक मजिस्ट्रेट, दुद्धी द्वारा निर्गत गैर-जमानती वारंटों के अनुपालन में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा 03 वारंटी अभियुक्तों को दिनांक 19.07.2026 को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट ।पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 राजेश कुमार एवं उनकी टीम द्वारा नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# 93 साल से अधूरी आस्था की राह ! नाव के सहारे मां समय माता दरबार पहुंचने को मजबूर श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज। सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग की पकड़ी रेंज के जंगल में स्थित प्रसिद्ध मां समय (बोकड़ा मां) मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को आज भी कच्चे रास्ते और बरसात में नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। वर्ष 1932 से स्थापित इस प्राचीन आस्था स्थल तक आज तक पक्का संपर्क मार्ग नहीं बन सका है। पकड़ी चौराहे से करीब 2.5 किलोमीटर अंदर स्थित मंदिर तक जाने वाला रास्ता लगातार बारिश के बाद पूरी तरह जलमग्न हो गया है। ऐसे में श्रद्धालु जान जोखिम में डालकर नाव से पानी पार कर मां के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आखिर कब जगेगी प्रशासन की कुंभकरणी निद्रा स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर तक ऊंची पक्की सड़क और पुलिया निर्माण की मांग वर्षों से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सामने उठाई जाती रही है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। उनका कहना है कि यदि पक्का संपर्क मार्ग बन जाए तो वर्षभर श्रद्धालुओं को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। मां समय मंदिर क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और इतिहास का प्रमुख केंद्र माना जाता है। नवरात्र सहित विभिन्न पर्वों पर यहां हजारों श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बरसात में हर साल जलभराव के कारण रास्ता बंद हो जाता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर श्रद्धालु कब तक नाव के सहारे मां समय के दरबार पहुंचने को मजबूर रहेंगे क्या प्रशासन इस लगभग एक सदी पुरानी समस्या का स्थायी समाधान करेगा, या हर बरसात में आस्था की राह यूं ही मुश्किल बनी रहेगी

# फ्लोरोसिस प्रभावित इलाकों में जल जीवन मिशन फेल !

### शुद्ध पानी के लिए फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, सड़क पर उतरे लोग

अमन लेखनी समाचार संवाददाता राजन जायसवाल

### दो वर्षों से नलों में नहीं आई एक बूंद पानी, फ्लोराइडयुक्त व नदी-नालों का पानी पीने को मजबूर हजारों ग्रामीण; कार्यदायी संस्था पर करोड़ों की योजना में अनियमितता के आरोप

अमन लेखनी समाचार



कोन (सोनभद्र)। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन (हर घर नल योजना) सोनभद्र के नवसृजित विकासखंड कोन के फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में दम तोड़ती नजर आ रही है। हर्रा-कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना से जुड़े दर्जनों गांवों में वर्षों बाद भी लोगों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सका है। हालात यह हैं कि हजारों ग्रामीण आज भी फ्लोराइडयुक्त पानी, नदी-नालों और चुआंड का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। इससे नाराज ग्रामीणों ने रविवार को कुड़वा में समाजसेवी गंगा प्रसाद यादव के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन करते हुए जल निगम और कार्यदायी संस्था विष्णु प्रकाश आर. पुंगलिया लिमिटेड के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि करोड़ों रुपये की लागत से शुरू हुई योजना में भारी अनियमितताएं हुई हैं। कई ग्राम पंचायतों में आज तक नल कनेक्शन पूरे नहीं हुए, जबकि कागजों में कार्य पूर्ण दिखाकर शासन को रिपोर्ट भेज दी गई। प्रदर्शन के बाद आनन-फानन में कुछ स्थानों पर पाइप ढकने और मरम्मत का काम शुरू किया गया, लेकिन वह भी अधूरा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि डीआई, एचडीपीई और एमडीपीई पाइपलाइन मानक के अनुरूप गहराई में नहीं बिछाई गई हैं। पाइपों की गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में है। हल्की बारिश होते ही पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है और महीनों तक जलापूर्ति बंद रहती है। लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि जीए ड्राइंग तैयार होने के बावजूद नदी की धारा से पाइपलाइन बार-बार कैसे प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों के मुताबिक आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन तो दे दिए गए, लेकिन कई वर्षों से नलों से एक बूंद पानी नहीं निकला। कार्यदायी संस्था के कुछ कर्मचारियों पर विभाग और जनता को गुमराह कर केवल कागजी खानापूर्ति करने का आरोप लगाया गया। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें भी की गईं, लेकिन बिना समस्या का समाधान किए जांच आख्या लगा दी गई

# धमाचार्य शक्तिदानन्द महाराज के दिव्य दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार




झांसी। शहर स्थित सपना मैरिज गार्डन में श्री श्री 1008 धमाचार्य शक्तिदानन्द महाराज (चित्रकूट) के सान्निध्य में भव्य दिव्य दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एक उम्मीद के मंडल अध्यक्ष प्रदीप टांडा ने महाराज जी का माल्यार्पण एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत व सम्मान कर किया। दिव्य दरबार में दूर-दूर से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। श्रद्धालुओं का कहना रहा कि बिना अपनी समस्या बताए ही धमाचार्य शक्तिदानन्द महाराज ने पर्चा बनाकर उनकी बीमारियों, पारिवारिक समस्याओं एवं अन्य परेशानियों का उल्लेख किया तथा उनके समाधान के लिए उचित मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने महाराज जी के प्रति गहरी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम में कथा व्यास श्री यदुकानंदन सांवरिया सरकार, एक उम्मीद के मंडल अध्यक्ष प्रदीप टांडा, मंडल सचिव राजेंद्र साहू, पप्पू सेठ, जमुना कुशवाहा, बीनू जैन (बरुआसागर), मंसाराम शास्त्री, साहब सिंह उजयान, डॉ. धर्मेंद्र यादव (उडैना), प्रेम यादव (पालर), नारायण यादव (ठेकेदार), मानवेंद्र कुशवाहा (टांडा), सोनू यादव (मोढ़ खुर्द), दीपक यादव (चंचल, टहरौली), संजय पटेल (सेरसा), कुलदीप यादव (रेवन), अंकुर यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जल, जंगल और जमीन बचाने की लड़ाई तेज, आदिवासियों के हक की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी सपा

अमन लेखनी समाचार



कोन/राबर्ट्सगंज (सोनभद्र)। समाजवादी पार्टी ने सोनभद्र के जल, जंगल और जमीन की रक्षा को लेकर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के तरिया इलाके में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा, जहां ग्रामीणों और आदिवासी परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान नेताओं ने स्पष्ट कहा कि आदिवासियों की पुश्तैनी जमीन, जंगल और प्राकृतिक संसाधनों को किसी भी कीमत पर उद्योगपतियों के हवाले नहीं होने दिया जाएगा। यदि स्थानीय लोगों के अधिकारों का हनन हुआ तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा, समाजवादी जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास जी गोंड, जिला अध्यक्ष रामनिहोर यादव, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ डॉ. रवि गोंड बड़कू, रमेश सिंह यादव तथा सुनील सिंह गोंड के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने तरिया क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों एवं आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी समस्याओं, विस्थापन की आशंका, भूमि अधिग्रहण तथा विकास परियोजनाओं से जुड़े मुद्दों को नेताओं के सामने रखा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सोनभद्र अपनी प्राकृतिक संपदा, घने जंगलों, पहाड़ों, जल स्रोतों और आदिवासी संस्कृति के कारण पूरे प्रदेश में विशेष पहचान रखता है। यहां का पर्यावरण और प्राकृतिक संतुलन पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। यदि हजारों हेक्टेयर वन एवं कृषि भूमि बड़े उद्योगों और पावर प्लांटों के लिए अधिग्रहित की जाती है तो इसका सीधा असर न केवल यहां के आदिवासी और ग्रामीण परिवारों पर पड़ेगा, बल्कि पर्यावरण, जलवायु और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ेगा। नेताओं ने आरोप लगाया कि पावर प्लांट और अन्य औद्योगिक परियोजनाओं के नाम पर आदिवासियों की भूमि तथा जंगलों को गलत तरीके से उद्योगपतियों को सौंपने की कोशिशें की जा रही हैं। इससे हजारों परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन केवल संसाधन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, पहचान और जीवन का आधार हैं। इनकी रक्षा करना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। समाजवादी पार्टी नेताओं ने कहा कि किसी भी विकास परियोजना से पहले ग्राम सभा की सहमति, वनाधिकार कानून और स्थानीय लोगों के अधिकारों का पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए।

बिना सहमति के किसी भी परिवार को उसकी पुश्तैनी जमीन से बेदखल करना न्यायसंगत नहीं है। पार्टी हर स्तर पर आदिवासियों की आवाज को बुलंद करेगी और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक आंदोलन चलाएगी।

# टोरंटो की तर्ज पर रॉबर्ट्सगंज पुल के नीचे विकसित की जाएंगी नगरीय सुविधाएं

### सोनभद्र को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अनूठी पहल

### बच्चों के लिए झूले, बैडमिंटन-बॉस्केटबॉल कोर्ट व क्रिकेट नेट बनाया जाएगा।

### ओपेन जिम में व्यायाम कर स्वस्थ्य रहेंगे नगरवासी, फूड कोर्ट में मिलेंगे लजीज व्यंजन।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शहरों को साफ-स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सोनभद्र जिला प्रशासन ने एक अनूठी पहल की है। जिला प्रशासन ने सोनांचल नगरी को और भव्य बनाने के लिए कनाडा के सबसे बड़े शहर टोरंटो में फ्लाई ओवर के नीचे बने विश्व प्रसिद्ध अंडरपास पार्क की तर्ज पर रॉबर्ट्सगंज फ्लाई ओवर के नीचे भी नगरीय सुविधाएं विकसित करने का निर्णय लिया है। यहां बच्चों के लिए झूले, खेलने का स्थान, फूड कोर्ट व ग्रीन जोन विकसित करने के साथ ही मनमोहक वॉल पेंटिंग से सजावट की जाएगी। इन सभी कार्यों को पूर्ण करने में लगभग चार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि सोनभद्र को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रॉबर्ट्सगंज फ्लाई ओवर के नीचे के स्थान को संवारने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि फ्लाई ओवर के नीचे लगभग 1 किलोमीटर में नगरीय सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। इन सुविधाओं को तीन जोन में बांटा गया है। स्पोर्ट्स जोन में बच्चों के खेलने के लिए अत्याधुनिक झूले लगाएं जाएंगे, बैडमिंटन कोर्ट, बॉस्केट बॉल कोर्ट व क्रिकेट नेट का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही एक ओपेन जिम की स्थापना भी की जाएगी जहां नगरवासी शारीरिक व्यायाम कर खुद को स्वस्थ्य रख सकेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि फ्लाई ओवर के नीचे फूड जोन भी विकसित किया जाएगा, जहां पर नगरवासी लजीज व्यंजनों का स्वाद चख सकेंगे। इसके अलावा एक ग्रीन जोन भी विकसित किया जाएगा। ग्रीन जोन में सजावटी पौधे लगाए जाने के साथ ही आमजन को थ्रीट्रिपल आर (रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल) के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से प्रदूषण का कारक बनने वाले प्लास्टिक, रबर इत्यादि का इस्तेमाल कर बनाए गए मनमोहक स्कल्प्चर लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं, पुल के नीचे के स्थान को आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए सुंदर वाल पेंटिंग भी कराई जाएगी और नगर वासियों के बैठने के लिए आरामदायक और सुंदर स्थान भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यातायात किसी भी तरह से बाधित न होने पाए इसके लिए फ्लाई ओवर के नीचे ही समुचित स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी। बताया कि फ्लाई ओवर के नीचे विकसित होने वाले स्पोर्ट्स, फूड और ग्रीन जोन को रंग-बिरंगी लाइटों से भी सजाया जाएगा ताकि यह स्थान नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बने। जिलाधिकारी ने बताया कि समस्त कार्य नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के सीएसआर मद के तहत कराए जाएंगे। विकसित की जाने वाली सभी सुविधाओं की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

# सिलबट्टी से पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। कासिमपुर क्षेत्र के ग्राम गौरीदयामपुर में घरेलू विवाद के दौरान पत्नी की सिलबट्टी से हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, मु0अ0सं0 303/26, धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त कुँजबिहारी पुत्र स्वर्गीय सोहनलाल, निवासी ग्राम गौरीदयामपुर, थाना कासिमपुर, जनपद हरदोई, उम्र लगभग 35 वर्ष, को सोमवार 20 जुलाई 2026 को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व गौरीदयामपुर गांव में घरेलू विवाद के दौरान आरोपी ने अपनी पत्नी पर सिलबट्टी से कई वार कर दिए थे। गंभीर रूप से घायल महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जबकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा था और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए थे। घटना के बाद थाना कासिमपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। लगातार की जा रही दबिश और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने सोमवार को आरोपी कुँजबिहारी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ एवं आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे माननीय न्यायालय, हरदोई के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक प्रक्रिया नियमानुसार आगे बढ़ाई जा रही है। इस सनसनीखेज हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था, वहीं आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा के 119वें स्थापना दिवस पर बच्चों को मिली शैक्षिक सामग्री




अमन लेखनी समाचार

बेहंदर। बेहंदर बैंक ऑफ बड़ौदा के 119वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय बेहन्दर कलां, ब्लॉक बेहन्दर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, पेंसिल बॉक्स एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं स्टाफ को बैंक की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा सण्डीला शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक नीलेश सिंघल, वरिष्ठ प्रबंधक कंचन भारती, अधिकारी नेहा जाहिर, कासिमपुर बी.सी. संचालक आदर्श पाण्डेय, प्रधानाध्यापक कमलेश चंद्र पाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



## रामायण के इवेंट से ट्रेलर लीक रावण बने यश की मिली पहली झलक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित इस इवेंट में पहली बार फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर दिखाया गया। ट्रेलर दिखाने से पहले मेकर्स और ऑर्गेनाइजर ने कई बार इस बात की अपील की थी कि कोई भी इसका वीडियो या फोटो ना ले, क्योंकि आने वाले दिनों में इसे आधिकारिक तौर पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर कोई भी ट्रेलर रिकॉर्ड करता पाया जाता है, तो उसी वक्त उससे फोन ले लिया जाएगा। इसके अलावा एंट्री के वक्त भी एक ऑनलाइन डॉक्यूमेंट पर साइन करवाया गया था कि दर्शकों द्वारा ट्रेलर की रिकॉर्डिंग नहीं की जाएगी। इन सब के बावजूद वहां मौजूद कुछ लोगों ने ट्रेलर को रिकॉर्ड करके ऑनलाइन लीक कर दिया। जिसमें रावण बने यश की पहली झलक मिली।

लाइफ Style

# रकुल

## रामायण का हिस्सा बनकर खुशी से झूमीं

रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'रामायण' का हिस्सा बनकर रकुल प्रीत सिंह बेहद खुश हैं। फिल्म का भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर रकुल प्रीत सिंह भी शामिल हुईं। फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेत्री बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुशी जताई है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रकुल प्रीत सिंह ने इस प्रोजेक्ट को सिनेमा से भी आगे की एक यात्रा बताया है। आज रविवार को रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'रामायण' के भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट की झलकियां शेयर कीं। साथ ही इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के बारे में बात की। इवेंट में रकुल प्रीत येलो कलर की ड्रेस में नजर आईं। उन्होंने लिखा है, 'एक ऐसी चीज का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, जो जिंदगी और सिनेमा से भी कहीं बड़ी है। हमारा इतिहास, हमारी विरासत, हमारी रामायण। हम दुनिया के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह एहसास सचमुच शब्दों से परे है। आप सभी के हमारे साथ इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है'। बता दें कि रकुल प्रीत सिंह को नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में शूर्पणखा की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में होंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता का रोल कर रही हैं। एक्टर यश रावण की अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला हिस्सा इस साल दिवाली पर आएगा। वहीं, दूसरा पार्ट अगले साल यानी 2027 में दिवाली के अवसर पर रिलीज होगा।



हॉलीवुड मसाला




## त्साही ने बॉलीवुड गाने पर किया डांस

लॉस एंजिल्स। फौदा के इस मशहूर स्टार त्साही ने इजराइल के पॉपुलर डांस शो 'डांसिंग विद द स्टार्स' में बॉलीवुड गाने 'मुंडियां तो बचके रहीं' पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी, जो अब चर्चाओं में आ गई है। त्साही ने बताया कि ये परफॉर्मेंस उन्होंने भारत, उसकी संस्कृति और बॉलीवुड को ट्रिब्यूट देने के लिए किया। उन्होंने कहा कि भारत में काम करने और लोगों से मिलने का उनका अनुभव बेहद खास रहा। इस खास मौके पर इस्राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह भी शो में मौजूद रहे।




## बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का मिला था अवार्ड ...

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्रेंडा फ्रिकर का 81 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने होम अलोन 2, माई लेफ्ट फुट जैसी फिल्में कीं। कैजुअल्टी जैसी ड्रामा सीरीज कीं। उन्हें माई लेफ्ट फुट के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवार्ड मिला था। ब्रेंडा फ्रिकर का जन्म डबलिन में हुआ था। उन्होंने थिएटर से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद टीवी की दुनिया में कदम रखा। आगे चलकर वह फिल्मों में अभिनय करने लगीं। साल 1977 में ब्रेंडा फिल्म 'कोरोनेशन स्ट्रीट' में नजर आईं। साल 1978 में प्ले फॉर टुडे और लिकिंग हिटलर में भी उन्होंने काम किया। ब्रेंडा फ्रिकर ने बीबीसी के लिए एक मेडिकल ड्रामा 'कैजुअल्टी' भी किया था, इसमें उन्होंने नर्स मेगन का रोल किया था। वह इस शो से कई वर्षों तक जुड़ी रहीं।



## नकाब की ओपनिंग नाइट बनी यादगार...

**नई दिल्ली।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी 25 साल बाद थिएटर में नकाब पर परफॉर्म किया। इस बीच उन्हें अपने पहले ही शो को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और पूरा शो हाउसफुल रहा। शिकागो में शो इस खास मौके को नवाजुद्दीन ने अपनी बेटी शोरा सिद्दीकी के साथ साझा किया। उनके लिए ये पल बेहद भावुक रहा, क्योंकि उन्होंने उसी मंच पर वापसी की, जहां से एक कलाकार के तौर पर उनका सफर शुरू हुआ था। नकाब के जरिए शोरा सिद्दीकी ने भी थिएटर में अपना डेब्यू किया और अपने पिता के साथ मंच पर नजर आईं। इससे पहले ही नवाजुद्दीन की वापसी को लेकर काफी एक्साइटमेंट थी, लेकिन शोरा ने भी अपने कॉन्फिडेंस और शानदार स्टेज प्रेजेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया और शाम की सबसे खास झलकियों में से एक बन गईं।



## नाचे नागिन गली गली पर किया डांस...

**मुंबई।** फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' में मीनाक्षी शेषाद्रि को नागिन के रूप में देखा गया था। वहीं, अभिनेता नितीश भारद्वाज उनके अपोजिट दिखे। दिग्गज अभिनेत्री ने फिल्म के टाइटल सॉन्ग को रिक्रिएट किया है। उन्होंने तमाम दर्शकों और प्रशंसकों की गुजारिश पर फिर से इस गाने पर डांस किया है और सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। अभिनेत्री मीनाक्षी ने फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' की यादें फिर से ताजा की हैं। इसी के साथ उन्होंने रीना रॉय और श्रीदेवी को भी याद किया है। अपना डांस वीडियो शेयर करते हुए मीनाक्षी शेषाद्रि ने लिखा है, '70 के दशक के बीच में आई फिल्म 'नागिन' ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त धूम मचाई थी। इसमें रीना रॉय मुख्य भूमिका में थीं। 80 के दशक के बीच में श्रीदेवी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'नगीना' के साथ इतिहास ने खुद को दोहराया।

टीवी मसाला



## शो छोड़ने की खबरों पर दिलीप ने बताया अनबन का सच

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर और दर्शकों का पसंदीदा कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले कई सालों से लोगों को एंटरटेन कर रहा है। इस शो का हर एक किरदार दर्शकों के दिल के बेहद करीब है, लेकिन अगर जेठालाल की बात करें तो उनके बिना इस शो की कल्पना करना भी मुश्किल है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और खबरों के बाजार में एक अफवाह तेजी से उड़ रही है कि जेठालाल यानी सबके चहेते दिलीप जोशी इस शो को अलविदा कह रहे हैं। इस खबर ने फैंस को तगड़ा झटका दिया था और हर कोई काफी परेशान था। लेकिन, अब खुद दिलीप जोशी ने इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और सच सबके सामने रख दिया है। दिलीप जोशी ने इन सभी खबरों को पूरी तरह से अफवाह और बकवास करार दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं और शो को छोड़ने का उनका कोई इरादा नहीं है। दिलीप जोशी ने बताया कि जब भी इस तरह की झूठी खबरें सामने आती हैं, तो उन्हें बहुत दुख होता है। वे पिछले कई सालों से इस शो का हिस्सा हैं और दर्शकों से उन्हें जो प्यार मिला है, उसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने फैंस से अपील की है कि वे इस तरह की किसी भी उड़ती हुई खबर पर भरोसा न करें, क्योंकि वे आगे भी जेठालाल बनकर दर्शकों को हंसाते रहेंगे। दरअसल, कुछ समय पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि शो के मेकर्स और दिलीप जोशी के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई है।

### लॉक अप 2 में होगी अपूर्वा की एंट्री?



**नई दिल्ली।** जब 'लॉक अप: सच या सजा' का खेल और भी ज्यादा अनप्रेडिक्टेबल होता जा रहा है, तब इंटरनेट पर एक नया ट्विस्ट सामने आया है और इसमें अपूर्वा मखीजा का नाम शामिल है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके शो में शामिल होने की संभावना को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इंटरनेट पर चर्चा है कि अपूर्वा मखीजा 'लॉक अप 2' में शामिल हो रही हैं। कई फैन पेज और कंटेंट क्रिएटर्स इस संभावना को लेकर अपना उत्साह जाहिर कर रहे हैं और संकेत दे रहे हैं कि अपूर्वा मुखिजा जल्द ही 'लॉक अप' सीजन 2 के घर में एंट्री कर सकती हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और जबरदस्त मौजूदगी के लिए मशहूर अपूर्वा को लेकर यह चर्चा तब और तेज हो गई जब फैंस ने 'द ट्रेटर्स' में उनके शानदार परफॉर्मेंस को याद किया और उन्हें फिर से किसी रियलिटी शो में देखने की इच्छा जताई। एक और यूजर ने कहा, 'रेबेल किड को श्रेया कालरा को ज्यादा स्क्रीन स्पेस देने के लिए लाया गया है'।



## आर्टिकल 370 को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर आदित्य ने जताई खुशी

**मुंबई।** 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं के नाम से पर्दा हट गया है। बीते दिन पुरस्कारों का ऐलान हुआ। यामी गौतम अभिनीत फिल्म 'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसके अलावा फिल्म ने दो और पुरस्कार जीते हैं। इसी फिल्म के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के तौर पर किया गया है। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए शशवत सचदेव ने पुरस्कार जीता है। इस पर आदित्य धर ने खुशी जताई है और यह वादा किया है कि वे इसी तरह की कहानियां लाते रहेंगे। आदित्य धर ने लिखा है, 'फिल्म 'आर्टिकल 370' के लिए तीन नेशनल अवॉर्ड जीतना एक ऐसा पल है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह अनुभव मुझे विनम्र और भावुक बनाता है और मेरा दिल गहरे आभार से भर देता है। जब हमने यह फिल्म बनाने का फैसला किया, तो हमारा मकसद अवॉर्ड पाना नहीं था। हम ईमानदारी, हिम्मत और सच्चाई के साथ




एक कहानी कहने के पक्के इरादे से प्रेरित थे। यह देखना वाकई बहुत सुखद है कि देश भर के दर्शकों ने इस सफर को पसंद किया और अब इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान से नवाजा गया है। इस शानदार सम्मान के लिए सम्मानित जूरी का और उन सभी लोगों का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने 'आर्टिकल 370' देखी, उसे सपोर्ट किया, उस पर चर्चा की और उसमें भरोसा जताया।

## चर्चा में आया सलमान का नया लुक! कुछ लोगों ने धर्मेंद्र से की तुलना

**मुंबई।** सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर चर्चा में हैं। इससे पहले सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर कई फैंस ने इसलिए चिंता जताई है कि सलमान खान की सेहत काफी घट गई है। सलमान खान दशकों से अपनी फिटनेस के लिए मशहूर हैं। ऐसे में उनकी सेहत का घटना उनके फैंस के लिए हैरानी की बात है।



आपको बता दें कि सलमान खान हाल ही में मुंबई में एक प्रोग्राम में शामिल हुए। यहां उन्होंने हल्के ऑलिव ग्रीन रंग की शर्ट पहनी। उन्होंने कैप से अपने लुक को पूरा किया। वीडियो में उनका चेहरा पहले की तुलना में काफी अलग नजर आ रहा है। वह काफी थके हुए नजर आए। इसलिए उनका यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सलमान खान के लुक को लेकर एक यूजर ने लिखा 'सलमान खान को क्या हुआ? पहले मुझे लगा कि वह सलमान खान नहीं है, फिर मैंने शेरा को देखा। वह धर्मेंद्र के जैसे उम्रदराज लग रहे हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'दोस्तों सलमान खान को क्या हुआ है? उनका चेहरा देखिए, वह दादा की तरह लग रहे हैं। वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे हैं।'


### किरदार में ढलने के लिए ली सख्त ट्रेनिंग

कुछ दूसरे फैंस ने अंदाजा लगाया कि हो सकता है कि सलमान खान ने अपनी नई फिल्म के लिए अपना लुक बदला हो। कुछ यूजर्स ने अंदाजा लगाया कि सलमान खान की बढ़ती उम्र की वजह से ऐसा हुआ होगा। इस मामले पर अभिनेता या उनकी टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सलमान खान के काम की बात करें तो उनके पास फिल्म 'मातृभूमि' है। इसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। अपने किरदार में ढलने के लिए उन्होंने सख्त ट्रेनिंग ली है। वह एक नई फिल्म में नयनतारा के साथ नजर आने वाले हैं।

### मैंने प्यार किया से मिली ब्लॉकबस्टर सफलता और पहचान

## लता-रफी ने गाए जिनके गीत, ताउम्र झेलनी पड़ी बी-ग्रेड फिल्मों की मार

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कई संगीतकार और गीतकार ऐसे रहे हैं, जिन्होंने ताउम्र मेहनत की, लेकिन शायद उन्हें सफलता तब हासिल हुई, जब जिंदगी के वह आखिरी पड़ाव पर थे। सिनेमा में एक ऐसे ही गीतकार रहे, जिन्होंने खूब मेहनत की, जिनके लिखे गीतों को लता मंगेशकर ने गाया। मोहम्मद रफी भी जिनके लिखे गीतों को गा चुके हैं। आज कहानी उसी फनकार की...*



### ऐसे हुई कॅरियर की शुरुआत

असद भोपाली कॉलेज के दिनों से ही शेर-ओ-शायरी करते थे। वो मुशायरों में जाते थे। वो दौर आजादी के बाद का था जब साल 1949 में मशहूर फिल्म निर्माता फाजली ब्रदर्स अपनी फिल्म 'दुनिया' के लिए नए गीतकार की तलाश में थे। दरअसल उनकी फिल्म मुख्य गीतकार आरजू लखनवी महज दो गाने लिखकर पाकिस्तान चले गए थे। ऐसे में फाजली ब्रदर्स को नए गीतकार की तलाश थी और फिर वह भोपाल एक मुशायरे में गए, जहां उनकी मुलाकात असद भोपाली से हुई। ये मुशायरा भोपाल के एक सिनेमा हॉल मालिक सुगम कपड़िया की सलाह पर फाजली ब्रदर्स ने भोपाल के 'भोपाल टॉकीज' में आयोजित करवाया। यहीं पर फाजली ब्रदर्स ने असद भोपाली को अपनी फिल्म में गीतकार के लिए साइन कर लिया।

### कौन थे असद भोपाली?

आज जिस फनकार का जिक्र हम कर रहे हैं उनका नाम था असद भोपाली। असद भोपाली ने अपने करियर में कम लेकिन बेहद कल्ट गाने लिखे, जिन्हें पसंद करने वालों की फेहरिस्त आज भी है। यहां तक कि उनके गाने आज भी सुपरहिट हैं। हालांकि उन्हें वो पहचान नहीं मिल पाई, जिसके वह हकदार थे। असद भोपाली का जन्म मध्यप्रदेश के भोपाल में 10 जुलाई 1921 को को हुआ था। उनका असली नाम असदुल्लाह खान था। हालांकि फिल्मों में आने के बाद उनका नाम बदल गया। उनके पिता अरबी और फारसी भाषाओं के शिक्षक थे, तो ऐसे में उन्हें इन भाषाओं का अच्छा ज्ञान था।

### सिनेमा को दिए कई हिट गाने

आखिरकार फिल्म दुनिया से असद भोपाली ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'रोना है तो चुपके चुपके' और सुरैया की आवाज में 'अरमान लुटे, दिल टूट गया' जैसे गाने लिखे। हालांकि उनके करियर में बड़ा बेक उन्हें मिला साल 1951 में आई फिल्म अफसाना से। इस फिल्म को बी.आर चोपड़ा ने बनाया था। इस फिल्म के लिए उन्होंने 6 गाने लिखे। फिल्म के एक गाने को लता मंगेशकर ने गाया और उसे असद भोपाली ने ही लिखा था। यह गाना हिट रहा और यहीं से असद भोपाली की किस्मत बदली। धीरे-धीरे ही सही लेकिन हां असद भोपाली का नाम सिनेमा में चल पड़ा।

### करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई

असद भोपाली ने अपनी जिंदगी के अंतिम पड़ाव में भी वो कमाल किया, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। साल 1989 में आई राजश्री प्रोडक्शंस की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' असद भोपाली के करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'कबूतर जा जा जा' और 'दिल दीवाना' जैसे हिट गाने लिखे। ये गाने लिखकर ये साबित किया कि वे बदलते दौर के साथ भी खुद को ढाल सकते हैं।

### 100 से ज्यादा फिल्मों में 400 से ज्यादा गाने

असद भोपाली ने अपने 40 साल के करियर (1949-1990) में लगभग 100 से अधिक फिल्मों के लिए 400 से ज्यादा गाने लिखे। हालांकि यह नहीं है कि उनके गाने हिट नहीं हुए। उनके कुछ ऐसे कल्ट गाने भी बने, जो ब्लॉकबस्टर बने। साल 1963 में उन्होंने फिल्म पारसमणि के लिए गीत लिखे। इस फिल्म के गाने हिट रहे। फिल्म का एक गाना 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा' आज भी सुपरहिट है। इस गाने को लता मंगेशकर और कमल बरोत ने गाया था। इसके अलावा उन्होंने साल 1972 में आई फिल्म रूप तेरा मस्ताना के लिए 'सौ बार जनम लेंगे, सौ बार फना होंगे', 1965 में आई फिल्म एक सपेरा एक लुटेरा के लिए 'हम तुमसे जुदा होके, मर जाएंगे रो-रो के' समेत कई गाने गाए।